समाचार पत्र साप्ताहिक है, डिजिटल अंक दैनिक प्रसारित होता है। Titel code : RAJHIN27856 अंक 250 वर्ष-2 मूल्य: पांच रूपये मात्र /- 20 जुलाई 2022, बुधवार संपादक गजेन्द्र गहलोत

दैनिक डि. समाचार पत्र

# मरुधर AAINA

एक आईना जो दिखाएं सच...

प्रकाशन एक व्यापार है लेकिन पत्रकारिता ने कभी व्यापार थी और ना ही आज है नहीं यह कोई पैसा है

छोटी-बड़ी खबरे...



### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

## लश्कर के 3 आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश; 7 टेररिस्ट अरेस्ट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो सीमा पार से ऑपरेट हो रहे थे। इस मामले में पुलिस ने सात आतंकियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू संभाग के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ADGP) मुकेश सिंह ने यह जानकारी दी है।

### राजौरी से दो और जम्मू से एक मॉड्यूल का भंडाफोड़

ADGP ने बताया कि राजौरी से दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। इसके तहत लश्कर के पांच आतंकी गिरफ्तार किए गए, जबकि जम्मू संभाग से एक मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है, यहां से दो आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं।

गिरफ्तारी के दौरान आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 6 पिस्तौल, 3 साइलेंसर, 8 ग्रेनेड, 3 UBGL, पिस्तौल की 6 मैगजीन, AK राइफल की 6 मैगजीन, 120 कारतूस सहित बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि जम्मू में लश्कर का यह मॉड्यूल खटीका तालाब इलाके में दो साल से सक्रिय था। इसका संचालन फैसल मुनीर कर रहा था। मुनीर को लश्कर आतंकी बशीर डोडा निर्देश देता था, जो फिलहाल पाकिस्तान में है, जबकि दूसरे आतंकी का कोड नाम अलबर्ट था। पुलिस ने बताया कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए गिराए जा रहे हथियारों और विस्फोटकों को एकत्रित करता था। इन मॉड्यूल्स का भंडाफोड़ होने के बाद जम्मू में आतंकवाद के ज्यादातर मामले सुलझा लिए गए हैं।

### रघु शर्मा बोले- गुजरात में कांग्रेस लाएगी 125 प्लस सीटें

# कहा- सीनियर ऑब्जर्वर गहलोत कल बनाएंगे चुनावी रणनीति

**जयपुर।** कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के पड़ोसी राज्य गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए बड़ी टीम उतारी है। सीनियर ऑब्जर्वर के तौर पर कल प्टरू अशोक गहलोत गुजरात जाएंगे। सुबह 11 बजे अहमदाबाद पहुंचकर गहलोत गुजरात पीसीसी में कांग्रेस विधायकों और नेताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम 4 बजे प्रेसवार्ता करेंगे। रात को नई दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। बैठक में चुनावी रणनीति तय की जाएगी। गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा ने जयपुर में मीडिया से रूबरू होकर दावा किया है, इस बार कुल 182 में से 125 प्लस सीटें लाकर गुजरात में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करेगी। पार्टी ने यह टारगेट तय किया है। उन्होंने कहा- गुजरात में एंटी इनकम्बेंसी बहुत ज्यादा है। बीजेपी सरकार से लोग दुखी हैं। शर्मा ने कहा- हर चुनाव से पहले बीजेपी के लोग नफरत का वातावरण तैयार करते हैं या प्रधानमंत्री खुद चुनाव लड़ने पहुंच जाते हैं। खरीफ फरोख्त की जाती है। अबकी बार ये हथियार भी गुजरात में बीजेपी के काम आने वाला नहीं है। 40 सीटों पर आदिवासी सत्याग्रह और 40 सीटों पर दलित सत्याग्रह कांग्रेस ने चलाया है।



### गुजरात में परिवर्तन का माहौल इसलिए

गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा ने कहा-गुजरात में 182 विधानससभा और 26 लोकसभा क्षेत्र हैं। सभी ऑब्जर्वर्स को बुलाया गया है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष, विधायक दल के नेता, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष,पूर्व CLP लीडर, वर्किंग प्रेसीडेंट सभी को बुलााया है। आने वाले 4 महीने की क्या चुनावी रणनीति कांग्रेस पार्टी की होगी, उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जो वहां लगे हैं वो पूरा समय गुजरात में देंगे। सभी 182 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक ऑब्जर्वर AICC ने लगाया है। बूथ मैनेजमेंट पर फोकस पिछले कई दिनों से हो रहा है। हर लोकसभा क्षेत्र में भी राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सीनियर लीडर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी मॉनसूनी बाढ़ के हालात में गुजरात के लोग खुद रेस्क्यु के लिए सड़कों पर आए। वहां सरकार नाम की चीज नहीं है। ड्रग ट्रैफिकिंग हो रही है। नशे का धन्धा परवान चढ़ा हुआ है। बेरोजगारी और महंगाई पीक पर है। हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में सरकार की प्रो-पूअर एप्रोच रही है। बीजेपी को वहां पूरा मंत्रिमंडल बदलना पड़ा। क्योंकि सदी की भीषण महामारी कोविड-19 में वो लोगों को सही इलाज मुहैया नहीं करवा पाए। इलाज की कमी में 4 लाख के करीब लोगों ने दम तोड़ा है। गुजरात में निश्चित तौर पर परिवर्तन का माहौल बना हुआ है। डॉ रघु शर्मा ने कहा - हालांकि PM ने चुनाव नजदीक आने के बाद हर महीने 3 दिन वहां गुजारना शुरू कर दिया है।

### 3570 एग्जाम सेंटर्स पर हुआ था नीट एग्जाम

# नीट की सीट 20 लाख में बिकी

## सीबीआई ने कहा- छात्र की जगह एग्जाम में बैठने वाले फर्जी कैंडिडेट को मिलते थे 5 लाख

**नई दिल्ली।**

नीट स्कैम में गिरफ्तार 8 लोगों से पूछताछ के बाद सीबीआई ने मंगलवार को बड़े खुलासे किए हैं। सीबीआई ने बताया कि ये लोग मेडिकल कोर्सेस में कन्फर्म सीट दिलाने का दावा करते थे। एक सीट 20 लाख रुपए में बिकती थी। एक रिपोर्ट में सीबीआई के सूत्रों के हवाले से बताया गया कि छात्र की जगह एग्जाम देने वाले फर्जी कैंडिडेट को 5 लाख रुपए दिए जाते थे। 20 लाख में से बची हुई रकम बिचौलियों और बाकी लोगों में बांट दी जाती थी।

### फोटो-आईडेंटिटी तक बदल देते थे

एजेंसी ने सोमवार को दिल्ली से जिन 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनमें से 6 लोगों ने नीट का क्वेश्चन पेपर सॉल्व किया था। इस पूरे रैकेट का सरगना सफदरजंग का सुशील रंजन है, जो पेपर सॉल्व करने वालों को अपॉइंट करता था और उनसे पेमेंट लेता था।

सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद कहा था कि मास्टर माइंड छात्रों के आईडी और पासवर्ड इकट्ठे करके इनमें कैंडिडेट के लिहाज से बदलाव करता था। ये लोग फोटो में भी बदलाव करते थे ताकि फर्जी कैंडिडेट को एग्जाम के दौरान कोई परेशानी न आए।



### मनचाहा सेंटर पाने हुआ पैसों का लेन-देन

नीट एग्जाम में हुई इस धांधली में पैसों के लेन-देन का आरोप भी लगा। ये लोग मनचाहा एग्जाम सेंटर पाने के लिए भी मोटी रकम वसूलते थे। सीबीआई ने आरोपियों के पास से जाली दस्तावेज भी बरामद किए। अधिकारियों ने बताया था कि यह रैकेट बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा में भी सक्रिय रहा।

### 2021 में भी किया था रैकेट का भंडाफोड़

इससे पहले सीबीआई ने सितंबर 2021 में भी इसी तरह के नीट एग्जाम रैकेट का भंडाफोड़ किया था। उस दौरान रैकेट ने परीक्षा में शामिल होने के लिए स्टूडेंट को प्रॉक्सी देने के बदले हर एक उम्मीदवार से 50 लाख रुपए लिए थे।

### 3570 एग्जाम सेंटर्स पर हुआ नीट एग्जाम

गौरतलब है कि 17 जुलाई को हुई नीट परीक्षा के लिए देश में 497 शहरों में एग्जाम सेंटर बनाए गए थे। इनके अलावा भारत के बाहर 14 शहरों भी परीक्षा हुई थी, जिनमें कोलंबो, काठमांडू, बैंकॉक, कुआलालंपुर, सिंगापुर, दुबई, अबू धाबी, मस्कट, शारजाह, कुवैत सिटी, दोहा, मनामा, रियाद, लागोस शहर शामिल हैं।

2022 के लिए नीट एग्जाम 17 जुलाई को हुआ था। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी के मुताबिक रैकेट के मास्टरमाइंड गौतम नगर दिल्ली के रहने वाले सुशील को एक परीक्षा सेंटर हैवलॉक स्क्वायर के पास से गिरफ्तार किया गया था। सुशील के अलावा कृष्णा शंकर योगी और सनी रंजन को फरीदाबाद स्थित सेक्टर 8 के एग्जाम सेंटर से पकड़ा गया। एक लड़की निधि को हैवलॉक स्क्वायर सेंटर, रघुनंदन को दिल्ली के पटपड़गंज इलाके से, भारत सिंह को सफदरजंग और सौरव को

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नेशनल इश्यू का मतलब ये नहीं कि उसकी सुनवाई हाईकोर्ट में नहीं हो सकती

## अग्निवीर से जुड़ी याचिकाएं दिल्ली हाई कोर्ट ट्रांसफर




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अग्निपथ भर्ती स्कीम से जुड़ी सभी याचिकाएं दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इतनी ज्यादा संख्या में याचिकाएं न तो जरूरी हैं और न ही ये सही ढंग से भेजी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नेशनल इश्यू का मतलब ये नहीं कि उसकी सुनवाई हाईकोर्ट में नहीं हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट्स या तो अपने यहां की याचिकाओं को दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दें। या फिर इन याचिकाओं को पेंडिंग रखें, वो भी इस शर्त के साथ कि याचिकाकर्ता इन्हें लेकर दिल्ली हाईकोर्ट जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक दिलचस्प टिप्पणी भी की। स्कीम की संवैधानिक वैधता को चुनौती दे रहे वकील मि. शर्मा बेहद दमदारी से अपनी दलीलें रख रहे थे। इस पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि आप एक वीर तो हो सकते हैं, लेकिन आप अग्निवीर नहीं है। इस टिप्पणी पर शर्मा बोले- जस्टिस चंद्रचूड़ का बयान मेरी कड़ी मेहनत और कोशिशों की तारीफ है। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि अग्निपथ स्कीम के खिलाफ

### दिल्ली की 4 मंजिला रिहायशी इमारत में आग लगी

## फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची, रेस्क्यू जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। 4 मंजिला इमारत में आग लगी है, जिसमें कई लोगों के फंसे होने की बात कही जा रही है। फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम कर रही हैं। इमारत के बाहर लकड़ी की सीढ़ियों से फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है। 12 लोगों को निकाल लिया गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की सूचना 3 बजकर 35 मिनट पर आई थी।

### मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास आग लगने से 27 की मौत

दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास 13 मई को तीन मंजिला कॉमर्शियल बिल्डिंग में आग लग गई थी। हादसे में 27 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। मृतकों में फायर डिपार्टमेंट के दो कर्मचारी भी शामिल थे। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

करीब 7 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन देर रात 12 बजे आग फिर से धधकने लगी थी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर खिड़कियां तोड़ी और बिल्डिंग के अंदर फंसे लोगों को बचाया। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल से संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल तक ग्रीन कॉरिडोर बना दिया था।

## सीएम शिंदे ने एयरलिफ्ट से बचाई मराठी परिवार की जानः खुद उठाया दो बार एयरलिफ्ट का खर्च

### बिहार में सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसे थे 4 लोग

**पटना।** बिहार में 40 साल से रह रहे महाराष्ट्र के मूल निवासी एक परिवार के लिए महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने लीक से हटकर बड़ी मदद की, वह भी बिना मांगे। दरअसल, महाराष्ट्र का एक परिवार बिहार में दुर्घटना का शिकार हो गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस परिवार को इलाज के लिए महाराष्ट्र के पुणे तक खुद के खर्च पर एयरलिफ्ट कराया। इतना ही नहीं परिवार को मदद मिली या नहीं यह जानने के लिए शिंदे देर रात तक जागते रहे। मुख्यमंत्री से बड़ी मदद मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने कहा कि हमें इंसान के रूप में भगवान मिले हैं। घटना के बाद से सीएम शिंदे की बिहार में खूब चर्चा हो रही है। शिंदे ने पटना में 1978 से रह रहे मराठी परिवार की मदद नहीं की होती तो शायद 4 लोगों की जान नहीं बचती।

बड़ी बात ये है कि 11 करोड़ की आबादी वाले बिहार में एक भी बर्न हॉस्पिटल नहीं है। झुलसे लोगों को यहां के हॉस्पिटल एडमिट नहीं कर रहे थे। आइए जानते हैं पटना में कैसे हुई दुर्घटना और इलाज के लिए भटक रहे परिवार को दो एयर एंबुलेंस भेजकर महाराष्ट्र के सीएम ने कैसे बचाई उनकी जान। पटना के बाकरगंज में अमोल जाधव का 3 मंजिला मकान है। दुकान से आने के बाद हर दिन की तरह 14 जुलाई की रात वह खाना खाने के बाद 11 बजे सो गए। घर की दूसरी मंजिल के पहले कमरे में अमोल जाधव और उनकी पत्नी रोहिणी सो रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

## 10 अगस्त को अगली सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट सभी केस ट्रांसफर करने पर कर सकता है विचार

**नई दिल्ली।**

पैगंबर मोहम्मद पर बयान देकर विवादों में घिरी भाजपा के पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने 10 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। कोर्ट ने 8 राज्यों और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान नूपुर के वकील ने कहा कि उनके जान को खतरा है। पटना से लेकर पाकिस्तान तक उनके मारने की साजिश का खुलासा हुआ है। अदालत अगली सुनवाई के दौरान सभी केस ट्रांसफर करने पर भी विचार कर सकती है। नूपुर के वकील ने ये मामले दिल्ली हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की बात सुनवाई के दौरान कही है। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस बी पारदीवाला की बेंच में हुई है।



**नूपुर के वकील-** एडवोकेट मानवेंद्र सिंह ने कहा कि जी, हम यही चाहते हैं। दिल्ली में पहली FIR हुई है। यही कानून भी कहता है कि जहां पहली FIR दर्ज हुई हो, वहीं पर सुनवाई हो। आपके पिछले आदेश के बाद कुछ डेवलपमेंट हुए हैं। गंभीर खतरे हैं। रिपोर्ट्स हैं कि पाकिस्तान से एक आदमी आया था। कुछ लोगों को पटना से भी गिरफ्तार किया गया है। जहां पहली FIR दर्ज हुई है, वहीं पर बाकी मामले क्लब कर दिए जाते हैं। दूसरी बात ये कि कोई भी दंडात्मक कदम नहीं उठाने की राहत दी जाती है।

### आर्टिकल 21 बना राहत का आधार

कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडवोकेट मानवेंद्र सिंह ने कहा कि आर्टिकल-21 के आधार पर नूपुर को राहत मिले। उन्होंने इसके लिए अजमेर के खादिम चिश्ती के वीडियो समेत कई मामलों का जिक्र किया, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। जज ने पूछा- क्या ऐसा अभी हुआ है? सुप्रीम कोर्ट जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम यह सही समझ रहे हैं कि आप अपनी चॉइस के एक स्थान पर सुनवाई चाहते हैं। क्या आप दिल्ली हाईकोर्ट जाना चाहते हैं?

### हरियाणा में खनन माफिया ने डीएसपी पर डंपर चढ़ाया

## घटना के 4 घंटे के भीतर एनकाउंटर; एक को गोली लगी, दूसरे को भी पुलिस ने घेरा

**मेवात/नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में मंगलवार को खनन माफियाओं ने डीएसपी पर डंपर चढ़ा दिया। डीएसपी सुरेंद्र सिंह यहां छापा मारने आए थे। हालांकि, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के करीब 4 घंटे बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में आसपास के कई गांवों को घेर लिया। खबर है कि तावडू इलाके के पंचगांव में पुलिस ने एनकाउंटर किया, जिसमें डंपर के क्लीनर इकरार के पैर में गोली लगी है। इकरार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डंपर के ड्राइवर को भी पुलिस ने घेर लिया है। दोनों ही पंचगांव के रहने वाले हैं। हालांकि हरियाणा के डीएसपी पीके अग्रवाल ने एक आरोपी के गोली लगने और गिरफ्तारी की पुष्टि की है।






### पूरा मामला समझिए...

तावडू पुलिस ने पंचगांव की पहाड़ी में बड़े स्तर पर अवैध खनन की सूचना मिली थी। डीएसपी सुरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पहाड़ी पर रेड मारने पहुंचे थे। पहाड़ी पर उन्हें पत्थर ले जाते वाहन मिले, जिसे उन्होंने रोकना शुरू कर दिया। इसी बीच माफियाओं ने डीएसपी पर पत्थरों से भरा डंपर चढ़ा दिया। उस समय डीएसपी सुरेंद्र सिंह अपनी सरकारी गाड़ी के पास खड़े थे। डंपर की टक्कर से वह नीचे गिर गए और डंपर उनको रौंदता हुआ ऊपर से निकल गया। सुरेंद्र सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में अफसर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

**3 महीने बाद था सुरेंद्र सिंह का रिटायरमेंट-** डीएसपी सुरेंद्र सिंह हिसार जिले के आदमपुर क्षेत्र के गांव सारंगपुर के रहने वाले थे। वे 12 अप्रैल 1994 को हरियाणा पुलिस में ASI के पद पर भर्ती हुए थे।

### राजस्थान में 8 इंच तक बारिश

# कालीसिंध बांध के 7 गेट खोले, तेज बहाव में बहीं गाड़ियां, सात जिलों में अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान में बीते 24 घंटे के दौरान दक्षिणी क्षेत्र के जिलों में 8 इंच तक बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश के कारण इन क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात नजर आने लगे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिणी क्षेत्र के 7 जिलों में आज भी तेज बारिश का अनुमान है। वहीं, झालावाड़ में कालीसिंध नदी उफान पर है और बांध ओवरफ्लो हो गया है। राजस्थान में सबसे अधिक बारिश झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़ में हुई है। बांसवाड़ा के भूंगड़ा क्षेत्र में 203स्त्ररू हुई। इन जिलों में 2 से लेकर 8 इंच तक पानी बरसा है।

वहीं, एमपी और झालावाड़ में तेज बारिश के बाद कालीसिंध नदी का जलस्तर बढ़ गया। इसके बाद प्रशासन ने कालीसिंध बांध के 7 गेट खोलकर वहां से 73,926 क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा। मौसम विभाग की माने तो आज भी दक्षिण राजस्थान के कई हिस्सों में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। झालावाड़ में सबसे ज्यादा 100स्त्ररूबरसात डग में हुई। इसके



अलावा पचपहाड़, पिड़ावा में भी अच्छी बरसात होने के कारण बरसाती नदियां-नाले ओवरफ्लो होकर बहने लगे। झालावाड़ मेगा हाईवे टोल प्लाजा से हरिगढ़ खेड़ा मार्ग बंद हो गया। यहां बनी पीलिया खाल की पुलिया पर 2 से 3 फुट पानी बह रहा है। वहीं, झालावाड़-कोटा सीमा पर नांगली नदी की पुलिया पार करते समय ट्रेक्टर बहने लगा। जिसे बाद में ग्रामीणों की मदद से बहार निकाला गया। इधर, बांसवाड़ा शहर के अलावा जिले के सज्जनगढ़, शेरगढ़, बागीडोरा, गढ़ी, भूंगड़ा, दानपुर, केसरपुरा में भी भारी बारिश हुई। कोटा में रामगंज मंडी, चेचत, डींगोद, कानावास, बूंदी के तालेड़ा, केश्वारायपाटन, डूंगरपुर के सागवाड़ा, गलियाकोट और सिरोही के माउंट आबू में भी तेज बारिश के बाद लोगों को गर्मी-उमस से राहत मिली।

### चित्तौड़गढ़ में भारी बारिश से कई जगह पानी भरा

चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा, भदेसर और डूंगला में भी तेज बारिश हुई। इधर, निम्बाहेड़ा में भी 122स्त्ररू बारिश के बाद कस्बे की सड़कें पर पानी नदियों की तरह बहता दिखा और दुकानों-घरों में पानी भर गया। सड़क किनारे खड़े दुपहिया-चौपहिया वाहन पानी में आधे से ज्यादा डूबे नजर आए।

## गन्दगी से लोग परेशान पंचायत मौन



मरूधर आईना

**रिपोर्ट देवाराम मेघवाल/ चूण्डा भाद्राजून/** चूण्डा ग्राम पंचायत में नालिया लोगों के लिए मुसिबत बनीं हुई हैं । परन्तु ग्राम पंचायत को कोई भी लेना देना नहीं है ।गुडा आम रास्ता और रेबारियो की गली मे लम्बे समय से नालिया टूटने के कारण नालियों का पानी सड़क पर जमा होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है । इसके बारे कही बार पंचायत को अवगत भी करवाया परन्तु कोई घ्यान नहीं दिया ।गन्दगी ज्यादा होने के कारण लोगों को बिमारी का भी डर सताने लगा है।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ता ने किया पौधरोपण



मरूधर आईना

**उम्मेदाबाद रमेश परमार उम्मेदाबाद** । युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष पन्नेसिंह के नेतृत्व में पौधारोपण किया । कार्यकर्ताओ ने गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यकर्ताओ ने विद्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 50 से अधिक पौधे रोपे ।इस मौके पर जिला अध्यक्ष पन्नेसिंह पोषाणा ने कार्यकर्ताओ वर्षा ऋतु में अधिक अधिक से पोधारोपण करने की अपील की । इस मौके पर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, उम्मेदाबाद सरपंच आशा कुमारी, पीओ मंशाराम राणा,अनवर सुमरा, चंद्रशेखर एलाना, राहुलपाल सरगरा, मुकेश सरगरा, श्रवण प्रजापत, मनीष जीनगर, जीतू सरगरा, अर्जुन, रजाक खान, सचिन समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## नारायणगढ़ नगर को एम्बुलेंस की बहुत बड़ी सौगात मिली



मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**
**मंदसौर** काफी सालों से नारायणगढ़ नगर की जनता व आसपास के क्षेत्र के लोग 108 एंबुलेंस की मांग माननीय वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से कर रहे थे जिसे आज माननीय मंत्री द्वारा यह सौगात नारायणगढ़ क्षेत्र को पहुंचा दी गई है जिससे नारायणगढ़ के आसपास गंभीर मरीज व दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए मदद मिलेगी जिसका आज पूजन डॉक्टर पाटीदार व नारायनागढ़ थाना सब इंस्पेक्टर मनोज महाजन द्वारा किया गया

## खेत के रास्ते को लेकर दो पक्षो मे विवाद मामला दर्ज

मरूधर आईना

**मंदसौर** मल्हारगढ़ तहसील के गाँव लसुड़िया राठौर निवासी रेखा ने मंदसौर हरिजन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गाँव के राजेन्द्र बनिया और हमारे बीच खेत में रास्ते की बात को लेकर पूर्व से विवाद है राजेन्द्र बनिया का खेत जितेन्द्र सिंह पाती पर बो रहा है दिनांक 16.07.22 को दोपहर के करीब 3.00 बजे खेत पर मेरे पति नागेश्वर देवर राहुल और मेरे खेत के पडौसी राजेन्द्र बनिया के खेत पर जाने के रास्ते की बात को लेकर विवाद हुआ विवाद खत्म होने के बाद हम सभी लोग अपने घर आ गये उसके बाद शाम करीबन 06¬30 बजे मेरे पति व देवर खेत पर जानवरों के लिये चारा लेने चले गये थे तभी रात्री करीबन 8.00 बजे गाँव के पिन्टु सिंह राजपुत व जितेन्द्र सिंह राजपुत लठ लेकर शराब के नशे में मेरे घर आये और मेरे व मेरी सास सोहनबाई के साथ गाली गलौज करते हुए बोले कि तुम्हारी इतनी औकात कि तुम खेत पर जाने का रास्ता रोकोगो तो मैने कहा कि हम खेत का रास्ता नहीं रोक रहे है तुम रास्ते को छोड़कर हमारे खेत से निकल रहे हो ईसी बात को लेकर जितेन्द्र सिंह ने लठ से व पिन्टु सिह ने लात घुसो से मेरे साथ मारपीट की जिससे मेरे सिर में चोट आई उसके बाद जितेन्द्र सिंह के पिता लालसिह व गाव के नरेन्द्र सिंह राजपुत व मेरी सास ने आकर बीच बचाव कर मुझे छुडाया फिर ये लोग वहां से जाने लगे और जाते जाते बोले कि आज तो बच गए आइन्दा तुम लोगो ने हमरे खेत पर जाने का रास्ता रोका तो तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे ईस घटना को लेकर मैं अपने पति सासु व मेरे देवर के साथ मंदसौर हरिजन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# हाथी बोलियां के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को नहीं मिल रहा मध्यान भोजन योजना का लाभ दिन में बच्चों को रहना पड़ रहा भुखा

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**
**मल्हारगढ़** तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत हाथी बोलियां के प्राथमिक विद्यालय मे ईस सत्र के शुरू होने के बाद आजतक बच्चे मध्यान भोजन मिलने से वंचित हैं बच्चों को दिन में खाली पेट स्कूल मैं रहना पड़ता है या फिर बच्चे अपने घर से टिपीन पेक करके लाने को मजबुर हैं मध्याह्?न भोजन बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार के रूप में सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें गरीब परिवार के बच्चे भी दिन में भोजन कर सके विशय को लेकर सरकार ने यह योजना लागु कि है गाँव का कंवरलाल डाँगी सह सहायता समूह के अध्यक्ष का कहना है कि कोई स्कुली बच्चो का खाना बनाने वाला नहीं मिल रहा क्योंकि खाना बनाने वाले 3000 मांग रहे हैं ओर आगे से मुझे इतना नहीं मिल रहा हैं और मैं इतने रुपए देने में असमर्थ हूं और समय पर गेहूं भी नहीं मिल पाते हैं इस लिए मेने पद से ईस्तीफा दे दिया जिसकी सुचना मेने महिला बाल विकास अधिकारी मंदसौर ओर शासकीय प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक अनिल पाटीदार को सुचित करदिया है अब मे खाना बनाकर विद्यालय मे नहीं दे सकता शासकीय प्राथमिक विद्यालय हाथी बोलिया मे पिछले चौदह दिनों से बच्चों को मध्यान भेजना नहीं मिल रहा है जिसके चलते मेने उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया जहा से मुझे सुचना मिली है की जो यहां मध्यान भोजन का समूह चला रहे थे उन्होंने पिछले दिनों मंदसौर महिला बाल विकास अधिकारी को एक लिखित मे उनके पद से इस्तीफा दे दिया गया है प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में कुल 22 बच्चे उपस्थित हैं

**इनका कहना-** शासकीय प्राथमिक विद्यालय हाथी बोलिया मैं बच्चों को मध्यान भेजना नहीं मिल रहा है जिसके चलते मेने उच्च अधिकारी को अवगत कराया गया जहा से मुझे सुचना मिली है की जो यहां मध्यान भोजन का समूह चला रहे थे उन्होंने पिछले दिनों मंदसौर महिला बाल विकास अधिकारी को एक लिखित मे उनके पद से इस्तीफा दे दिया गया है ओर उसकी एक कॉपी मेरे विद्यालय मे जमा है अभी वर्तमान मे किसी बच्चे को मध्यान भोजन नहीं मिल रहा है अनिल पाटीदार अध्यापक प्राथमिक विद्यालय हाथी बोलिया

**इनका कहना** - कोई समूह का खाना बनाने वाला नहीं मिल रहा था इस लिए मेने पद से इस्तीफा देन दिया महिला बाल विकास अधिकारी मंदसौर ओर शासकीय प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक अनिल पाटीदार कोई मेने मेरा इस्तीफा दे दिया की अब मे खाना नहीं बना सकता या खाना अब विद्यालय मे नहीं दे सकता कंवरलाल डाँगी

**स्व सहायता समूह**
**अध्यक्ष हाथी बोलिया**

**इनका कहना-** अबतक ग्राम पंचायत मे नवनिर्वाचित सरपंच ने चार्ज नहीं लिया है व नया स्व सहयता समूह बनाना पड़ेगा उसके बाद मध्यान भोजन फिर से शुरू किया जायेगा

**निर्मल नाथ योगी सचिव**
**ग्राम पंचायत हाथी बोलिया**

## आप ने दिया खाद्य पदार्थो पर लगाई गई जीएसटी के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



मरूधर आईना

**मंदसौर बंशिदास बैरागी**
**नीमच** आम आदमी पार्टी ने आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर खाद्य पदार्थो पर लगाई गई जीएसटी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम से कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार अजय हिंगे को ज्ञापन दिया।* इस अवसर पर आप साथियो ने कलेक्टर कार्यालय पोर्च में सांकेतिक धरना देकर खाद्य पदार्थो पर लगाए गए काले कर रूपी जीएसटी का विरोध किया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की आम नागरिको एवं गरीबो के रोजमर्रा के खाद्य पदार्थो जैसे आटा ,दाल दही चावल अनाज पनीर नमकीन तथा किरायेदारों पर जीएसटी लगाया गया है जो की सर्वथा इस महंगाई के दौर में अनुचित है जिसको तुरंत निरस्त किया जावे। यह सर्वविदित है की आज देश की जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है और अपनी रोजी रोटी बामुश्किल चला रही है और अपना एवं परिवार का जीवन यापन कर रही है फिर भी रोजमर्रा के खाद्य पदार्थो तथा किरायेदारों पर भारत सरकार ने जबरन जीएसटी लगा दिया है। जिसके कारन महंगाई चरम सिमा पर पहुंच जावेगी एवं मिडिल क्लास एवं गरीब व्यक्तियों का जीवन यापन कठिन हो जावेंगा .

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है की खाद्य पदार्थो तथा किरायेदारों पर लगाए जाने वाला जीएसटी आदेश निरस्त करवाने का कष्ट करे। ताकि आम नागरिक एवं गरीब अपना जीवन यापन ठीक तरीके से कर सके ,अन्यथा हमें मजबूरन देशव्यापी आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होंगी।

ज्ञापन का वाचन अजजा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बालचंद वर्मा ने किया , इस अवसर पर आप के अशोक सागर ,चंद्रेश सेन , राजिंदर कौर , गुड्डीबाई यादव , मधुबाला राजोरा , शबनम बी , सुलताना बी , चंदा चौहान , विनोद कुमार जैन ,विनोद पंवार , लक्ष्मीनारायण तोतला , अनिल पिपलादिया , रमेशचंद्र यादव , आश्विन बंसल , प्रह्लाद सोलंकी , लविश कनोजिया , रवि थदानी , पुष्पेंद्र सिंह राठौर ,सुनील जैन ,योगेश यादव ,सुरेशचंद शर्मा नवीन कुमार अग्रवाल एवं अन्य साथीगण उपस्थित थे।

आप के नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की एक ओर अंग्रेजो ने काला कानून बनाकर नमक पर टैक्स लगाया था और अब इसी प्रकार का टैक्स मोदी सरकार आटा अनाज चावल दही पनीर नमकीन पर लगाकर अंग्रेजी शासन की बराबरी कर रही है।

## गोगाजी गौशाला में 20 बीघा जमीन की ग्रामीणों ने मिलकर सफाई की



मरूधर आईना

**तिलोकाराम दर्जी भेडाणा**
ग्राम पंचायत आमलियाला के ग्राम जूना खेड़ा मैं बने श्री गोगा जी गौशाला जूना खेड़ा के आसपास 100 बीघा गोगाजी की ओरण हैं उस ओरण भूमि की सभी ग्रामीणों ने मिलकर लगभग 20 बीघा की सफाई की और सफाई करने के बाद में इस जमीन पर बाजरी बोई जाएगी इस बाजरी के चारे को शीत ऋतु में गायों को खिलाया जाएगा सभी सभी ग्रामीणों ने मिलकर सराहनीय पहल शुरू की, गोगाजी गौ सेवा समिति के सदस्य महेंद्र मेघवाल ने बताया कि हमारे गांव जूना खेड़ा में मीठा पानी नहीं है इसलिए हम उनालू बाजरी बो नहीं सकते हैं इसलिए वर्षा ऋतु में बाजरी बो रहे हैं इस नेक कार्य में ओम प्रकाश सियाग महेंद्र मेघवाल खेताराम डऊकिया भंवराराम लोल देवाराम गोदारा पीराराम डउकिया रामा राम सियाग जेठाराम लोल और भी गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन समारोह बुधवार को

मरूधर आईना



**( माणकमल भंडारी )**
**भीनमाल** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे सभागार परिसर में वार्षिक अधिवेशन समारोह बुधवार को होगा ।

उक्त जानकारी देते हुए स्थानीय संघ के सचिव घनश्याम व्यास ने बताया कि इस अवसर पर भीनमाल व बागोंडा ब्लॉक के सभी शाला के संस्था प्रधान शिरकत करेंगे द्य राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जिले भर में समस्त निजी व राजकीय विद्यालयों में सह शैक्षिक स्काउट की गतिविधियों का संचालन अति आवश्यक है । इस हेतु 20 जुलाई को सुबह 10 बजे समस्त संस्था प्रधान दो वर्ष की बकाया निर्धारित कोटा मनी व स्टीकर राशि के नकद या चैक के साथ आवश्यकत रूप से उपस्थित रहेंगे द्य राजकीय व निजी विद्यालय में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, बालिका, महात्मा गांधी विद्यालय के संस्था प्रधान उपस्थित होंगे द्य साथ ही शाला में स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त स्काउटर गाइडर शिक्षक की सूची व जिस विद्यालयों में स्काउट इको क्लब की प्राप्त राशि हुई है, उन्हे मासिक गतिविधि रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहेंगे

अधिवेशन समारोह में प्रशासनिक अधिकारी, जिले के विभागीय अधिकारी, संस्था प्रधान, शिक्षाविद् , स्काउटर, गाइडर जानकारी प्रदान करेंगे ।

# सड़क पर अवैध पार्किंग से रेल यात्री व दर्शनार्थियों को भारी परेशानी

मरूधर आईना

**जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान/ मोदरान** । स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आए दिन ट्रैफिक व्यवस्था जाम होने से यहा आने जाने वाले मां आशापुरी माताजी मंदिर भक्तो , दर्शनार्थियों व मोदरान रेलवे स्टेशन पर रेल मे जाने यात्रियों को भारी परेशानी होती है यहां पर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन रोड व श्री आशापुरी माताजी जाने वाले सडक मार्ग सैकडो की संख्या मे दुपहिया वाहन , बस,ट्रक व टैक्सीया ईत्यादी मन मर्जी से बीच रास्ते मे छोड देते हैं जिससे कई बार अति आवश्यक एम्बुलेंस को भी जाने के लिए रास्ता नही मिलता है।

आज भी एक यात्री के परिवार को मोदरान से साबरमती के लिए रेलवे स्टेशन पर जाना था लेकिन काफी समय के बाद जाम की वजह से रेलवे स्टेशन पर पहुँचने



पर ट्रेन निकल जाने पर पर भारी परेशानी झेलनी पडी ।

यहां पर ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन की कोई भी कार्यवाही नहीं करने की वजह से सडक के दोनो और नालीयो के बाहर सडक पर पक्के निर्माण हो रहे हैं वही साथ सैकडो दुकानो के आगे सैरना पेट्रोल पम्प रोड से मोदरान रेलवे स्टेशन , रोकडीया हनुमानजी मंदिर से शिव मंदिर शिववाडी के पास तक जगह जगह वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सही नहू होने की वजह से कतार लगी रहती हैं और दुसरी और कुछ दुकानदार व मकान मालिको ने नालीयों को तोड कर मुख्य सडक मार्ग पर पक्का निर्माण कर दिया है जिससे आये दिन जाम लगने से मां आशापुरी माताजी के दर्शनार्थ व रेलवे स्टेशन पर ट्रेनो मे आने जाने वाले यात्रीयो को भारी परेशानी झेलनी पड रही है ।

ग्रामीणों व यात्रीयो ने पुर्व मे भी पुलिस अधीक्षक जालोर व सरपंच ग्राम पंचायत मोदरान को ज्ञापन भेजा था लेकिन कुछ दिन ट्राफीक व्यवस्था मे पुलिस प्रशासन की सक्रियता से हटाया लेकिन अब फिर से सडक पर नालीयो को तोड कर अतिक्रमण कर सडक मार्ग पर सैकडो की संख्या मे वाहन बीच मे खडे रहते हैं।

**इनका क्या कहना है।**

मुझे कुछ पता नहीं हैं पता कर के बात करुंगा, अभी मै रास्ते में वाहन चला रहा हुं ।

**जितेंद्र जोशी**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मोदरान**
**पंस भीनमाल**

हमने बार बार अतिक्रमण करने वाले लोगो को बोल दिया लेकिन नही मान रहे अब नोटिस देकर कार्यवाही कराऊंगी

**छैल कंवर सरपंच**
**ग्राम पंचायत मोदरान**
**पंस भीनमाल**

## सांकरणा गांव में सामाजिक समरसता की पहल

मरूधर आईना

**आहोर** । देश में एक तरफ वर्ग भेद व जातीय भेदभाव की बात करने वाले समाज में सांकरणा के राजपुरोहित परिवार जबर सिंह, गोपालसिंह,अरविंद सिंह पुत्र परम सिंह ने अपने माताजी के स्वर्गवास पर हरिजन परिवार जगदीश पुत्र धर्माजी के पूरे परिवार को घर के मुख्य आंगन में ससम्मान आमंत्रित कर परिवार के साथ भोजन करवाया हरिजन परिवार ने धूपबत्ती लगाकर मकान के सभी भागों में जाकर पूजा की साथ ही भोजन किया तथा गोपालसिंह परिवार ने हरिजन परिवार को सोने चांदी के आभूषण कपड़े बर्तन अन्य आवश्यक सामग्री भेंट कर ससम्मान विदा किया। यह सनातन समाज को धारा में लाने का तथा हम सभी एक ही हैं इस विचार को स्थापित करने की पटल हैं । परिवार में गोपालसिंह आरएसएस के जिला धर्म जागरण संयोजक हैं तथा कहा की भारतीय संस्कृति तो वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाली है। यदि यहां के लोगों को इस बात का आभास हो जाए और वे इसे आत्मसात कर लें तो भारत वर्ष फिर से एक बार विश्व गुरु होगा इसमें कोई संदेह नहीं। कार्यक्रम में सरदार सिंह चारण प्रधानाचार्य बिशनगढ़ प्रकाश , जितू, अमर सिंह, बहिन संगीता उपस्थित रहें।



## भुरटिया के अशोक चौहान बने मानवाधिकार संगठन में जनरल सेक्रेटरी

मरूधर आईना



**जैसलमेर /राकेश दहिया ।** मंगलवार 19 जुलाई को भारत मानवाधिकार परिषद की नई कार्यकारिणी संपादित हुई जिसमें बाड़मेर के भूरटीया गांव निवासी अशोक चौहान दर्जी को जनरल सेक्रेट्री राजस्थान के पद पर नियुक्त किया गया संपूर्ण बाड़मेर के लिए प्रसन्नता का विषय है। उन्हें मिली इस उपलब्धि के चर्चे संपूर्ण जिले के गलियारों में है। दर्जी समाज में वरिष्ठ समाजसेवी और भामाशाह के रूप में आम जनता के दिलों में बसने वाले अशोक जी सदैव राष्ट्रहित की भावना रखते हैं।

भुरटिया के अशोक कुमार को पदभार ग्रहण करने पर इस बड़ी उपलब्धि के लिए उन्हें सोशल मीडिया ,संदेश ,फोन कॉल, पत्रिका, खत तथा अन्य माध्यमों द्वारा हजारों की संख्या में बधाइयां प्रेषित की गई ।अशोक चौहान को मिली इस कामयाबी से उनके गांव के साथ ,क्षेत्र व संपूर्ण जिले में उनकी सराहना की जा रही है। तथा परिजन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं ।

सदैव संघर्षशील ,राष्ट्रहित सोच के साथ परोपकारी स्वभाव के धनी, अशोक चौहान पहले भी लोक कल्याण के लिए सदैव कार्यरत रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस जिम्मेदारी के मिलने से चौहान खुद को देश सेवा में समर्पित कर, अपनी आगामी मंजिल के सफर में रवाना हो गए हैं।

## मेहता की प्रथम पुण्यतिथि पर गौ माता को किया चारा वितरण



मरूधर आईना

**( माणकमल भंडारी )**
**जालोर** । लायंस क्लब के तत्वावधान में लायन कालूराज मेहता की प्रेरणा से स्व. प्रेमलता मेहता की प्रथम पुण्यतिथि पर ललितचंद, प्रतापचंद मेहता परिवार द्वारा मंगलवार को महावीर जीवदया गौशाला व आदर्श गौशाला में एक - एक ट्रॉली चारा वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस मौके क्लब अध्यक्ष लायन विजय मोदी, लायन कालूराज मेहता, लायन श्यामसुंदर गोयल, लायन दीपेप सिद्धावत, लायन बी एम जैन, क्लब सचिव लायन अमन देवेन्द्र मेहता, मुकेश मोदी आदि उपस्थित थे।

# 5 साल से सरकारी आम रास्ते पर अवैध कब्जा



## कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी नहीं हटा अतिक्रमण

मरूधर आईना

**शिव/दिलीप सैन/** बाड़मेर जिले में इन दिनों प्रशासन सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने व्यापक स्तर पर मुहिम चला रहा है। लेकिन अभी भी गावों में कई जगह सरकारी जमीन भूमाफियाओं के कब्जे में है। जिसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को भली भांति है फिर भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किया जाना उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। गौर करने वाली बात है कि स्थानीय नागरिक अतिक्रमण हटाने की शिकायत एसडीएम, कलेक्टर तक कर चुके हैं। मौका पस्त पटवारी, सरपंच ग्रामीणों ने मिलकर दो तीन बार सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है फिर भी आज तक न तो भू-माफिया ने कब्जा हटाया न ही प्रशासन आज तक उक्त अतिक्रमण को हटा सका है।

जानकारी के मुताबिक कानासर काशमीर लिंक रोड से धुंधवालों कि ढाणी जाने वाले सरकारी रास्ते पर 5 साल से अवैध अतिक्रमण बना हुआ है। जिससे आम रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। क्षेत्र के रहवासियों को प्रतिदिन आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है अतिक्रमण कि वजह से आम रास्ता बाधित होने से बालक बालिकाओं को प्रतिदिन स्कूल आने जाने में बहुत परेशानी आ रही है। स्थानीय नागरिक बांकाराम ने बताया कि हमारी ढाणीयों से लिंक रोड जुड़ने का मुख्य रास्ता बंद होने से आने जानें में काफी परेशानी आती है।

# लोडिंग वाहन से मिला 1 क्विंटल डोडाचूरा 1 गिरफ्तार 2 की तलाश

मरूधर आईना



**मंदसौर बंशीदास बैरागी**

मंदसौर सुवासरा पुलिस ने अजयपुर से एक लोडिंग वाहन से एक क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो की तलाश की जा रही है। सुवासरा पुलिस ने बताया कि बनी कुरावन रोड पुलिया के पास एक छोटा हाथी एमपी 13 एल 3307 को रोककर तलाशी ली। जिसमें एक सौ पांच क्विंटल डोडाचूरा सात कट्टों में भरा हुआ मिला। पुलिस ने बताया कि मामले में राजू उर्फ राजेश पिता बालाराम निवासी धलपट को गिरफ्तार किया गया है। वहीं श्रवण निवासी ढाबला महेश और वाहन चालक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इनकी तलाश पुलिस कर रही है।

# नील गाय की टक्कर से टी आई घायल, कार डैमेज

मरूधर आईना



**मंदसौर बंशीदास बैरागी** / मंदसौर गुडभैली के पास नारायणगढ थाना प्रभारी संदीप मंगोलिया की कार को नीलगाय ने टक्कर मार दी। जिससे कार सड़क से नीचे जा उतरी। कार का अगले हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में टीआई बाल बाल बचे। हादसे के बाद टीआई थाने पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार नारायणगढ टीआई संदीप मंगोलिया अपनी कार से खुद ड्राइव कर कहीं जा रहे थे। पिपलियामंडी मनासा रोड पर स्थित गुडभैली के पास एक नीलगाय ने कार को टक्कर मार दी। कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई। कार का आगे का से हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में संदीप मंगोलिया को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

# सुवासरा पुलिस ने लोडिंग वाहन से 105 किलो डोडाचूरा जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**

**मंदसौर** सुवासरा पुलिस ने एक लोडिंग वाहन से 105 किलो डोडाचूरा जप्त की कार्रवाई की है। मामले में एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है तो वही 2 अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 105 किलो डोडाचूरा जब्त किया है। जबकि लोडिंग वाहन की पायलेटिंग कर रहा बाइक चालक साथी मौके से भाग निकला। कोर्ट ने गिरफ्तार आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। सुवासरा थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय ने बताया कि सूचना मिलने पर ग्राम अजयपुर कुरावन मार्ग पर घेराबंदी की गई, तभी सामने से सफेद कलर का लोडिंग वाहन आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोककर तलाशी ली तो इसमें 7 कट्टों में भरा हुआ 105 किलो अवैध डोडाचूरा मिला। जिसे जब्त कर मौके से आरोपी राजेश उर्फ राजू पिता बालाराम मेहर उम्र 24 निवासी ग्राम धलपट को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके साथ ग्राम ढाबला महेश निवासी श्रवणसिंह भी था, जो वाहन के आगे बाइक से पायलेटिंग कर रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया। यहां से इसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। राजेश के अनुसार वो ग्राम हनुमंतिया से अवैध डोडाचूरा भरकर लाया था और गंगधार किसी अन्य तस्कर को देने के लिए जा रहा था।

# ढलमु मगरा के किसान के यहां लगे नूरजहाँ आम फल

## आम के पेड़ पर लग रहे हैं 1 से 2 किलो वजनी फल बने आकर्षण का केंद्र

मरूधर आईना



**मंदसौर बंशीदास बैरागी / राहुल धनगर** गरोठ के समीप ढलमु मगरा मैं एक किसान के यहां पर आम के पेड़ पर 1 से 2 किलो के आम लग रहे। जो इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। ढलमु मगरा के किसान ओम प्रकाश पिता रामचंद्र पाटीदार के यहां पर एक दुर्लभ किस्म का आम का पौधा मिला है। किसान ओम प्रकाश पाटीदार के अनुसार आम का वजन 1 किलो, डेढ़ किलो एवं 2 किलो तक होता है। इस तरह के आम के पौधे बहुत दुर्लभ मिलते हैं। इस विषय में उद्यानिकी विभाग अधिकारी राजेश मेडा ने बताया कि इस प्रकार के आम को नूरजहां आम बोला जाता है तथा क्षेत्र में इसके पौधे बहुत कम मिलते हैं।

उद्यानिकी विभाग के अधिकारी राजेश मेडा ने जानकारी देते हुए बताया कि नूरजहां आम का वजन 1 से 2 किलो के मध्य तक होता है तथा इस प्रकार के आम के पौधे काश तौर पर अलीराजपुर क्षेत्र में पाए जाते हैं। वाह का मौसम उनके अनुकूल होता है परंतु यद्यपि ढलमु मगरा में इस प्रकार का पौधा है तो जो हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हम पौधे का निरीक्षण करेंगे, तथा किसान को और आवश्यक जानकारी और सुझाव देंगे। तथा पौधों का संरक्षण किया जाएगा। किसान ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि नीमच से कोई पौधा बेचने वाला आया था। व कई तरह के पौधे लाया था। उन्होंने 07 सेव08 आम के पौधे खरीदे थे। उसमें से यह पौधा इस प्रकार का निकला। 7 किसान के अनुसार पौधे की उम्र 06 साल है तथा अभी पौधे के ऊपर 15-20 फल लगा था इस वर्ष।

किसान ओमप्रकाश पाटीदार का कहना - मेरे गांव में आम के पौधे बेचने वाला आया था मैंने 7-8 आम के पौधे लिए थे। उसमें से इस वर्ष एक पौधे को नूरजहां आम लगे।

उद्यानिकी विभाग अधिकारी राकेश मेडा शामगढ़ का कहना - क्षेत्र मैं इस प्रकार का पौधा है तो जो हमारे लिए हर्ष का विषय है, शीघ्र ही हम पौधों का निरीक्षण करेंगे।

## जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर आईकॉनिक वीक की शुरुआत

# देशभक्ति का भाव जगाएगी भारतीय रेल, एक हफ्ते में होंगे कई कार्यक्रम

मरूधर आईना



**जैसलमेर /राकेश दहिया**

**जैसलमेर-** देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रेलवे द्वारा आयोजित %आजादी की गाड़ी और स्टेशन %(आईकॉनिक वीक) की जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर शुरुआत की गई। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान खासकर जैसलमेर के स्वतंत्रता सेनानियों के आगे दीप जलाकर उनको श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बताया कि आईकॉनिक वीक के चलते जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर कई कार्यक्रमों का आयोजन करके आजादी के अमृत महोत्सव को मनाया जाएगा।

### आजादी के परवानों के परिवार वालों का किया सम्मान

जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर स्वतंत्रता सैनानियों की पेंटिंग एग्जीबिशन का उद्घाटन हुआ और सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों का आगाज किया गया। इस दौरान जैसलमेर के स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा के भतीजे बालकिशन गोपा, लालचंद जोशी की धर्मपत्नी सखी देवी जोशी, पुत्री शोभा बिस्वा और पुत्र सुरेश जोशी व्यास का सम्मान किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बताया कि रेलवे द्वारा 23 जुलाई तक हर रोज स्वतंत्रता सैनानियों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। एडीआरएम ने कहा कि ये खुशी की बात है कि देश 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश को आजादी दिलाने में अनेकानेक वीर सपूतों ने अपना योगदान दिया और अपने वतन की खातिर प्राण तक गंवा दिए। राजस्थान और विशेषकर मारवाड़ का आजादी आंदोलन में विशेष योगदान रहा है। यहां के स्वतंत्रता सैनानियों के आजादी आंदोलन में दिए गए उल्लेखनीय योगदान से नई पीढ़ी को अवगत कराने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनकी शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे द्वारा विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

### चित्र प्रदर्शनी के साथ होंगे नुक्कड़ नाटक

जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर स्वतंत्रता सेनानियों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है तथा इन पर उनके द्वारा आजादी आंदोलन में दिए गए योगदान का विवरण भी लिखा है। उन्होंने बताया कि हफ्ते भर चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभक्ति नुक्कड़ नाटक का मंचन, आजादी का अमृत महोत्सव की थीम का सेल्फी पाइंट का प्रदर्शन, छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति कविता पाठ और भाषण, देशभक्ति रैली का आयोजन होगा। इस मौके पर मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अरविंद कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अशोक कुमार मीणा, कल्याण निरीक्षक मुरारी लाल, विकास एवं जैसलमेर बीजेपी जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश, जिला महामंत्री सुशील व्यास, जिला मीडिया प्रभारी जुगल बौहरा, और डीआर यूसीसी मेंबर कमल ओझा व यात्री मौजूद रहे।

# विधालय में पौधारोपण कर छात्रों को पौधारोपण का महत्व समझाया

मरूधर आईना

**आहोर/ विक्रमसिंह पचानवा** आहोर पंचायत समिति क्षेत्र के डोडियाली ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पचानवा के अध्यापकों व ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों ने मंगलवार को विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रधानाध्यापक जब्बरसिह परमार ने बताया कि इस अवसर पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी समझाया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रमसिंह पचानवा ने छात्रों को पेड़ व जल के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों ही मनुष्य जीवन के लिए उस रथ के दो पहियों के समान है, जिसका एक पहिया टूटने पर रथ अकस्मात रुक जाता है। इसी तरह से जल के बिना पेड़ नही तो पेड़ के बिना जल नहीं। हमारी प्रकृति का संतुलन पेड़ों पर ही टिका है। पेड़ पर्यावरण के संरक्षक हैं तो पेड़ ही बरसात लाने में सहायक हैं। इससे मनुष्य जीवन में पेड़ों की अधिक भूमिका होती है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रमसिंह पचानवा,जब्बर सिह परमार, विकास राजपुरोहित, राखी अग्रवाल, अजयपालसिंह पचानवा सहित विधार्थी मौजूद थे।



# बालिकाओं को सिखाए आत्म रक्षा के गुर



मरूधर आईना

**जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान/ सिरोही।** जिले में चलाए जा रहे आत्म रक्षा प्रशिक्षण को लेकर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पिंडवाड़ा में महिला कांस्टेबल पालू विश्नोई ने आत्मरक्षा को लेकर बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। पालू बिश्नोई ने बताया कि आत्मरक्षा का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।ताकि बालिकाएं प्रतिकूल हालातों में बिना विचलित हुए उसका सामना कर सकें। महिला कांस्टेबल ने स्टूडेंट को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाकर मुंह तोड़ जवाब कैसे दिया जाए। उसको लेकर प्रशिक्षण दिया।प्रधानाचार्य रमेशलाल ने बताया कि विधालय की 60 बालिकाओ को आत्म रक्षा प्रशिक्षण दिया गया।इस मौके पर कई बालिकाएं मौजूद रही।

# हिंदुत्व व राष्ट्रवाद पर पंचम राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन हुआ संपन्न

## सनातन धर्म व राष्ट्रवाद को मजबूत करना ही हमारा लक्ष्य - विष्णु जादौन

मरूधर आईना



**कानाराम प्रजापति जयपुर(निस)।** भारतीय अटल सेना( राष्ट्रवादी) के राष्टीय अध्यक्ष विष्णु सिंह जादौन ने 17 जुलाई रविवार को आयोजित÷ पंचम राष्टीय शिखर सम्मेलन- 2022÷ देवी मंदिर डासना गाजियाबाद में परम जूना अखाड़ा महामंडेलश्वर हिंदू सम्राट यति नरसिंहानंद सरस्वती महाराज की अध्यक्षता में शिरकत की हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर वक्ता के रूप में अपना सुझाव रखने का सौभाग्य मिला विष्णु जादौन ने शिखर सम्मेलन में साधु-संतों व सत्ता पक्ष पर जमकर कटाक्ष किया व उन्हें भविष्य चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते हुए सनातन धर्म से दूर हो रहे हमारे बच्चों व सनातन प्रेमियों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ धर्म शिक्षा का ज्ञान नहीं दिया गया तो सनातन धर्म धीरे धीरे लुप्त होने पर पहुंच जाएगा साथ ही कहा कि सबसे पहले हमें अपने धर्म को मजबूत करना होगा साथ ही राष्ट्रवाद की मजबूती पर जोर दिया तथा साथ ही सभी काले कानूनों को जो अंग्रेज के जमाने थे उन्हें समाप्त करने का सरकार से आह्वान किया पूरे सम्मेलन में सभी सनातनीयों ने जादौन की भूरी भूरी प्रशंसा की सभी ने साथ आने संकल्प लिया जादौन को पूरे भारतवर्ष से 100 से ज्यादा हिंदूवादी संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों व प्रतिनिधियों के साथ अपने विचार अनुभव व कार्य साझा करने का शुभ अवसर मिला साथ में यति महाराज का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिला महाराज का जोशीला ऊर्जावान व प्रेरणादायक भाषण सुनकर सभी साथियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ सभी ने संकल्प लिया कि हम सब लोग मिलकर सनातन धर्म राष्ट्रवाद को मजबूत करेंगे और धर्म की पताका पूरे संसार में फेलाएंगे शिखर सम्मेलन में भारत को सनातन राष्ट्र घोषित कराने की मांग को लेकर भारत को सनातन राष्ट्र घोषित कराने सहित 25 अन्य मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद सरस्वती ने की इस अवसर पर स्वामी अमृतानंद स्वामी, बाल नाथ योगी, देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जैलदार, भगवा फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह,हिंद जन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण गोपाल द्विवेदी, बने सिंह आदि सहित शिखर सम्मेलन में विभिन्न हिंदू संगठनों से आए राष्ट्रीय अध्यक्षों व प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया। इन प्रस्तावों का ज्ञापन राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजा जाएगा।

# अतिरिक्त कलेक्टर के बंगले व रोज हॉस्पिटल से पकड़े सांप

**गजेंद्रसिंह मंडली ने पाली / भरतसिंह राजपुरोहित अगवरी**

**पाली।** पाली के अतिरिक्त जिला कलेक्टर के बंगले में 6 फीट लम्बे सांप व रोज हॉस्पिटल में भी एक ही समय में अचानक सांप के निकल जाने से हड़कंप मच गया व पाली जिले के सर्प मित्र गजेंद्र सिंह मण्डली नें दोनो सांपो को पकड़कर अपने काबू में किया।



प्रबल सिंह नें बताया की सर्प मित्र गजेन्द्र सिंह मण्डली को सुचना दी गई। तब मण्डली मौके पर पहुचे और सांप को अपने काबू में करके कपड़े की थैली में बंद किया। तभी सूचना मिली कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर साहब चंद्रभान सिंह भाटी के बंगले में 6 फीट लंबा सांप घुस आया है, तब सर्प मित्र गजेंद्र सिंह मण्डली अतिरिक्त जिला कलेक्टर के बंगले पर पहुचे व इधर उधर भागते हुए सांप को पूंछ पकड़कर बंगले से बाहर लेकर आये और फिर उसको पकड़कर अपने काबू में किया और फिर रोज हॉस्पिटल वाले साँप को और अतिरिक्त कलेक्टर साहब के बंगले वाले साँप को एक साथ दूर जंगल मे छोड़ दिया। तब जाकर रोज हॉस्पिटल ओर अतिरिक्त जिला कलेक्टर के परिवार ने राहत की सांस ली।

# राजीव गांधी युवा मित्र घर घर जाकर दे रहे राज्य सरकार की जनहित योजनाओं की दी जानकारी



मरूधर आईना

**आहोर/ विक्रमसिंह पचानवा** राजीव गांधी युवा मित्र ब्लॉक आहोर कानाराम सिंघल ने ग्राम पंचायत भैसवाडा,शंखवाली, चूंडा, में ऐसे परिवार जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के पात्र परिवारों लघु व सीमांत कृषकों, कोविड अनुग्रह राशि प्राप्त परिवार से मुलाकात करते हुए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं से मिलने वाले लाभों,योजनाओं से कैसे जुड़े, अस्पताल में मरीज को लाभ कैसे मिलेगा सम्बन्धित जानकारी दी।

साथ ऐसे लाभार्थी परिवार से मिलने हुआ जिन्हे राज्य सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ मिला है ऐसे परिवार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताते हुए राज्य सरकार के सराहनीय कार्य की सराहना की।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर को आवारा कुत्तों के चंगुल से बचाया, गहरी चोट के कारण ईलाज के दौरान हुई मौत



मरूधर आईना

**आहोर/ विक्रमसिंह पचानवा**

आहोर उपखंण्ड क्षैत्र के उम्मेदपुर गांव के मामाजी मंदिर स्थित प्रांगण में हमेशा की तरह राष्ट्रीय पक्षी मोर विचरण कर रहा था इसी दौरान गांव के आवारा कुत्तों ने राष्ट्रपक्षी मोर पर धावा बोला आवारा कुत्तों के आंतक से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया।पचानवा निवासी यूवा नेता ईश्वर सोलंकी ने बताया कि मन्दिर के पास गुजर रहा था तब मेने देखा कि राष्ट्रीय पक्षी मोर पर कुत्ते हमला कर रहे थे तब मेने बिच बचाव कर कुत्ते को मौके से भगाकर सम्बंधित चिकित्सा विभाग के पशुधन सहायक ईशाक अली को सुचना दी तो तुरन्त प्रभाव से पशुधन सहायक ईशाक अली मौके पर पहुंचकर घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर का प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन घायल अवस्था में राष्ट्रीय पक्षी मोर को आवारा कुत्तों ने जगह जगह से चोटिल किया हुआ था इसी दौरान गहरे घाव होने से ईलाज के दौरान राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। वहीं इसकी सुचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विक्रमसिंह पचानवा, वार्ड पंच छतरसिंह मोरूआ, ग्राम रक्षक हीरसिह बालोत,भगवतसिह मोरूआ, विनायक युवा मण्डल के अध्यक्ष मनीष परमार, पारस मौदी,उज्जवल परमार सहित ग्रामीणों ने बड़े सम्मान के साथ मृत मोर को गड्ढा खोदकर दफनाया गया ।इस मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संपादकीय

# तल्खी का मौसम

कभी जिस मानसून के आने के लिये पूजा-अर्चनाएं की जाती थीं और उसके आने पर जन-जन में उत्सव जैसा भाव होता था, वह मानसून अब डराने लगा है। देश के कई राज्यों में बाढ़ के पानी में डूबे तमाम गांव-शहर इस त्रासदी की बानगी दिखा रहे हैं। कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन तो कहीं हिमस्खलन की घटनाएं लोगों को आतंकित कर रही हैं। लगातार होने वाली बादल फटने की घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। हाल में अमरनाथ यात्रा के दौरान घटी त्रासदी ने बड़ी मानवीय क्षति की है। पहाड़ों के दरकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं तो वहीं आकाशीय बिजली से मरने वालों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि प्रकृति का यह रौद्र रूप क्यों सामने आने लगा है? जीवनदायिनी मानसूनी बारिश क्यों जानलेवा साबित हो रही है। क्यों लोग प्रकृति के रौद्र रूप के सामने लाचार नजर आ रहे हैं। वहीं उत्तर भारत के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां भरपूर बारिश न होने से लोग परेशान हैं। कहीं न कहीं ये हालात हमें चेता रहे हैं कि प्रकृति विरोधी राजनीतिक व आर्थिक फैसलों ने उन कारकों को बढ़ावा दिया है जो ग्लोबल वार्मिंग के कारक बने। इसमें हमारी विलासिता की जीवन शैली भी शामिल है। हमने विकास के जिस मॉडल को चुना है उसमें प्रदूषण उगलते कारखाने, सड़कों पर वाहनों का सैलाब, वातानुकूलन की संस्कृति, जंगलों के कटान व पहाड़ों से निर्मम व्यवहार ने तापमान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उसके चलते हमारे मौसम के चक्र में ग्लोबल वार्मिंग का घातक असर नजर आ रहा है। दरअसल, कथित विकास के नाम पर हमने प्रकृति के साथ पिछली कुछ शताब्दियों में जो क्रूरता दिखाई है उसका खमियाजा इस पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या ने भी प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाया है। जिसके चलते प्राकृतिक संसाधनों का अवैज्ञानिक तरीके से दोहन बढ़ा है। जिसने जलवायु परिवर्तन के कारकों में वृद्धि ही की है। कुल मिलाकर जल, जंगल व जमीन के साथ क्रूरता बरती गई है। प्रकृति के सहचर बनने के बजाय हमने शासक बनने की कोशिश की है। दरअसल, कुदरत ने धरती के हर व्यक्ति के लिये दाना-पानी की व्यवस्था की है, लेकिन लिप्साओं, विलासिता और स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं दी है। जब-जब इंसान इस लक्ष्मण रेखा को लांघता है प्रकृति उसका प्रतिकार करती है। मौसम का रौद्र उसी प्रतिकार की बानगी मात्र है। यह मनुष्य को चेतावनी भी है कि यह क्रूरता बंद न हुई तो उसकी आने वाली संतानों को इससे ज्यादा भयावह हालात से गुजरना होगा। निस्संदेह प्रकृति के इस तल्ख व्यवहार से हमारी खाद्य श्रृंखला भी खतरे में पड़ सकती है। हाल के दिनों में तेज गर्मी से गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। आने वाले समय में बाढ़, सूखे और अतिवृष्टि से बड़े पैमाने पर पलायन का खतरा भी मंडराने लगा है। हर साल आने वाली बाढ़ ने देश के कई राज्यों में जीवन पर संकट पैदा कर दिया है। इंसान के लिये यह चेतने का वक्त है।

# क्रिप्टो करंसी में हाहाकार

क्रिप्टो करंसी का कारोबार करने वाली कंपनियों का अकूत मुनाफा देने का दावा फ्लॉप साबित होता जा रहा है। जिसे भविष्य की मुद्रा और उम्मीद की किरण समझा जा रहा था उसका कारोबार करने वाली एक और कंपनी दिवालिया होने जा रही है। क्रिप्टो क्रेडिट लैंडर कंपनी सेल्सियस नेटवर्क ने न्यूयार्क की अदालत में दिवालियेपन की अर्जी लगा दी है। कंपनी के लाखों ग्राहकों का 20 अरब डॉलर से अधिक धन पानी हो गया है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो लैंड़र कंपनियों में शामिल सेल्सियस ने 18 प्रतिशत तक की ऊंची ब्याज दर की पेशकश कर रखी थी। मई-जून में जब क्रिप्टो बाजार उतरने लगा तो कंपनी के ग्राहकों में भी भगदड़ मच गई। जून के मध्य में कंपनी ने धन वापस निकालने पर रोक लगा दी। सेल्सियस का कारोबार उधार के धन से चल रहा था। इस निवेश के बदले कंपनी भारी-भरकम ब्याज दे रही थी। सेल्सियस का डूबना उस सिलसिले की मात्र एक कड़ी हैग जो क्रिप्टो करंसी की दुनिया में पिछले करीब दो महीने से जारी है। इस डिजिटल दुनिया में कारोबार करने वाली दुनिया की कई बड़ी कंपनियां डूब चुकी हैं। मार्च में क्रिप्टो करंसी निवेश का प्रबंधन करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक थ्री ऐरोज कैपिटल डूब गई थी। दस अरब डॉलर का प्रबंधन देख रही यह कंपनी अब दिवालिया होने की कगार पर है क्योंकि क्रिप्टो करंसी की कीमतें गिरते गिरते गर्त में जा चुकी हैं, और कंपनी के पास अपने ग्राहकों को लौटाने के लिए कुछ नहीं बचा है। यह एक डिजिटल मुद्रा है क्योंकि यह सिर्फ वर्चुअल रूप में ही उपलब्ध है यानी इसका कोई नोट या कोई सिक्का नहीं है। वोयाजन डिजिटल ने भी दिवालियेपन की अर्जी लगाई है। इससे पहले टेरा क्रिप्टो करंसी भी डूब चुकी है। क्रिप्टो करंसी को किसी टेक स्टार्टअप जैसा समझा जा सकता है। ब्याज दरों के बढ़ना शुरू होने पर एक ब्याजरहित संपत्ति की तरह इसका डूबना तय था। भारतीय रिजर्व बैंक पहले ही इसे भांप चुका था और मान्यता देने की बजाय उसने इस पर नियंत्रण का रास्ता अपनाया है, और आज इसे कर के दायरे में लाया जा चुका है। अन्यथा भारत में भी अनेक निवेशक इसके मोहपाश में बंधकर इसमें पैसा झोंकने लगे थे। क्रिप्टो करंसी बाजार में अब तक एक खरब डॉलर का नुकसान हो चुका है।




## चिंतन-मनन

# सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है।

संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी- जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूंजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी।

ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- 'बोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं।

असल में वे ही परमात्मा को मांगने में कुछ सफल हो पाते हैं, जो और कुछ नहीं मांगते। जिन्होंने कुछ और मांगा, वे परमात्मा को कैसे मांगेंगे। वह जबान फिर परमात्मा को मांगने के योग्य न रह गई। वह जबान अपवित्र हो गई। जिस जबान से बेटा मांगा, बेटी मांगी, धन मांगा, पद मांगा, प्रतिष्ठा मांगी-उसी जबान से परमात्मा को मांगोगे? इस जहर भरे पात्र में अमृत रखोगे? यह जबान जब तक मांगती है तब तक संसार है। जिस दिन यह जबान मांगती नहीं, उस दिन परमात्मा की यात्रा शुरू हुई। उस दिन बिन मांगे मिलता है। ऐसे तो मांगे-मांगे भी नहीं मिलता।

# कितने भारतीय कमला हैरिस से ऋषि सुनक तक की कतार में

आर.के. सिन्हा

अगर ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बने जाते हैं, तो वे एक तरह से उसी परंपरा को ही आगे बढ़ायेंगे, जिसका श्रीगणेश 1961 में सुदूर कैरिबियाई टापू देश गयाना में भारतवंशी छेदी जगन ने किया था। वे तब गयाना के निर्वाचित प्रधानमत्री बन गए थे। उनके बाद मॉरीशस में शिवसागर रामगुलाम से लेकर अनिरुद्ध जगन्नाथ, त्रिनिदाद और टोबैगो में वासुदेव पांडे, सूरीनाम में चंद्रिका प्रसाद संतोखी, अमेरिका में कमल हैरिस वगैरह उपराष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। ये सभी उन मेहनतकश भारतीयों की संतान रहे हैं, जिन्हें गोरे दुनियाभर में लेकर गए थे, ताकि वे वहां के चट्टानों की सफाई कर वहां गन्ना की खेती कर लें।

दरअसल सन 1834 में दुनिया में गुलामी प्रथा का अंत होने के बाद श्रमिकों की भारी संख्या में की जरूरत पड़ी। इसके बाद गोरे भारत से एग्रीमेंट करके मजदूर बाहर के देशों में ले जाने लगे जिन्हें बाद में गिरमिटिया कहा जाने लगा । बेशक भारत के बाहर जाने वाला प्रत्येक भारतीय अपने साथ एक छोटा भारत ले कर जाता था। सभी भारतवंशी अपने साथ तुलसी रामायण, अपनी भाषा, खानपान एवं परंपराओं के रूप में भारत की संस्कृति दुनियाभर में ले कर गए थे। उन्हीं मजदूरों की संतानों के कारण फीजी, त्रिनिडाड, गयाना, सूरीनाम और मारीशस लघु भारत के रूप में उभरे। ये सब के सब भोजपुरी भाषी हैं। पर ऋषि सुनक की कहानी भिन्न है। उनको लेकर भारत की वह नौजवान पीढ़ी जो टेक्नालॉजी की दुनिया से जुड़ी है, काफी उत्साहित है।

वजह यह है कि सुनक दामाद हैं भारत की सबसे प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों में से एक इंफोसिस के फाउंडर चेयरमेन एन.नारायणमूर्ति के। सुनक और नारायणमूर्ति की पुत्री अक्षिता स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक साथ पढ़ते हुए पहले मित्र और फिर पति-पत्नी बने। सुनक के पुरखे पंजाब से हैं। वे पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में बस गए थे करीब 125 साल पहले। उनके पिता यशवीर का जन्म केन्या में और मां का जन्म तंजानिया में हुआ था। गुजारे लायक हिन्दी और पंजाबी भी जानने वाले सुनक का परिवार 1960 के दशक में ब्रिटेन शिफ्ट कर गया था। जान लें कि गोरे पूर्वी अफ्रीका में सन 1896 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को भारत के विभिन्न राज्यों से केन्या, तंजानिया और यूंगाड़ा लेकर गए थे। इन्हें केन्या में रेल पटरियों को बिछाने के लिए ले जाया गया । इनमें पंजाब के सर्वाधिक मजदूर थे।

पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने ही तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालातों में रेल नेटवर्क तैयार किया। उस दौर में गुजराती भी केन्या पहुंचने लगे। पर वे वहां पहुंचे बिजनेस करने के इरादे से न कि मजदूरी करने की इच्छा से । रेलवे नेटवर्क का काम पूरा होने के बाद अधिकतर पंजाबी श्रमिक वहां पर ही बस गए। हालांकि उनमें से कुछ आगे चलकर बेहतर भविष्य की चाह में ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका आदि देशों में भी जाकर बसते रहे। इसी तरह सुनक का परिवार ब्रिटेन चला गया था। यह साफ हो जाना चाहिए कि सुनक अगर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन भी जाते हैं, तो भी वे अपने देश के हितों का ही सबसे पहले ख्याल रखेंगे। उन्हें यह करना भी चाहिए। हां, पर उनका भारत से भावनात्मक संबंध तो बना रहेगा। अब कमला हैरिस को ही लें। वह अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था। कमला हैरिस का परिवार मूलतः भारत के राज्य तमिलनाडु से है और उनकी मां श्यामला गोपालन ने दिल्ली के लेडी इरविन कॉलेज से ही ग्रेजुएशन किया था। पर उप-राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने कभी इस तरह का कोई संकेत नहीं दिया जिससे कि लगे कि वह अपने देश के भारत से संबंध प्रगाढ़ करने की बाबत अतिरिक्त प्रयास कर रही हैं।

कमोबेश बात यह है कि भारतवंशी भारत को प्रेम करते हैं। लेकिन उनकी पहली निष्ठा तो उसी देश को लेकर रहेगी जहां पर वे बसे हुए हैं। मारीशस में 60-0 से विजयी होकर पहले प्रधानमंत्री और बाद में मारीशस के राष्ट्रपति बने शिवसागर रामगुलाम तो बराबर कहा करते थे कि 'मारीशस मेरी जन्मभूमि है, पर भारत मेरी पुण्यभूमि है।' हां, एक बात तो माननी होगी कि भारतीयों का राजनीति करने में कोई जवाब नहीं है। ये देश से बाहर जाने पर भी सियासत के मैदान में मौका मिलते ही कूद पड़ते हैं। वहां पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ही देते हैं। संसद का चुनाव कनाडा का हो, ब्रिटेन का हो या फिर किसी अन्य लोकतांत्रिक देश का, भारतीय उसमें अपना असर दिखाने से पीछे नहीं रहते। उन्हें सिर्फ वोटर बने रहना नामंजूर है। वे चुनाव लड़ते हैं। अब करीब दो दर्जन देशों में भारतवंशी संसद तक पहुंच चुके हैं। हिन्दुस्तानी सात समंदर पार मात्र कमाने-खाने के लिए ही नहीं जाते। वहां पर जाकर हिन्दुस्तानी सत्ता पर काबिज होने की भी चेष्टा करते हैं। अगर यह बात न होती तो लगभग 22 देशों की पार्लियामेंट में आज 182 भारतवंशी सांसद न होते।

निश्चित रूप से भारत के ब्रांड एंबेसेडर हैं भारतवंशी। भारत इनकी उपलब्धियों पर नाज करता है। लेकिन कनाडा का मामला थोड़ा हटकर है। वहां पर बसे भारतीयों का एक वर्ग घनघोर रूप से भारत विरोधी के रूप में सामने आता है। वहां पर खालिस्तानी खुलकर अपना खेल खेलते हैं। कनाडा के मंत्री हरजीत सिंह सज्जन की छवि एक घनघोर खालिस्तानी की रही है। कुछ साल पहले वे भारत आए थे तब पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उनसे मुलाकात करने तक से मना कर दिया था।। सज्जन की हरकतें उन्हें कतई सज्जन नहीं बनाती। अफसोस है कि आजकल कनाडा में खालिस्तानी शक्तियां बहुत सक्रिय हैं। ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहती हैं।

क्या कोई भूल सकता है कनिष्क विमान का हादसा? सन 1984 में स्वर्ण मंदिर से आतंकियों को निकालने के लिए हुई सैन्य कार्रवाई के विरोध में यह हमला खालिस्तानियों ने किया था। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून, 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस आतंकी भीषण हादसे में 329 मासूम लोग मारे गए थे। संक्षेप में इतना ही कहा जा सकता है कि सात समंदर पार सफल हो रहे भारतवंशियों पर भारत गर्व तो कर सकता है पर उनसे किसी तरह के अतिरिक्त सहयोग की उम्मीद करने से बेहतर रहेगा उनका दिल जीतना ।

> भारतीयों का राजनीति करने में कोई जवाब नहीं है। ये देश से बाहर जाने पर भी सियासत के मैदान में मौका मिलते ही कूद पड़ते हैं। वहां पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ही देते हैं। संसद का चुनाव कनाडा का हो, ब्रिटेन का हो या फिर किसी अन्य लोकतांत्रिक देश का, भारतीय उसमें अपना असर दिखाने से पीछे नहीं रहते। उन्हें सिर्फ वोटर बने रहना नामंजूर है। वे चुनाव लड़ते हैं। अब करीब दो दर्जन देशों में भारतवंशी संसद तक पहुंच चुके हैं। हिन्दुस्तानी सात समंदर पार मात्र कमाने-खाने के लिए ही नहीं जाते। वहां पर जाकर हिन्दुस्तानी सत्ता पर काबिज होने की भी चेष्टा करते हैं। अगर यह बात न होती तो लगभग 22 देशों की पार्लियामेंट में आज 182 भारतवंशी सांसद न होते।



## विचार मंथन

# बूस्टर का अभियान

सिद्धार्थ शंकर

कोरोना महामारी के खिलाफ एक और बड़ी जंग शुरू हो गई है। 75 दिन बूस्टर डोज का विशेष अभियान चलेगा। केंद्र सरकार ने सभी वयस्कों के लिए कोविड टीकों की एहतियाती खुराक लगाने का फैसला किया है। देश में कोरोना महामारी का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है। हर रोज 15 हजार से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं और मौत के आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। इसी को देखते हुए रकार

ने सभी वयस्कों को एहतियाती खुराक देने का फैसला किया है। कोरोना से बचने के लिए जहां सरकार लोगों से टीका लगवाने की अपील कर रही है वहीं अब कुछ लापरवाही भी सामने आई है। दरअसल, बूस्टर डोज को लेकर चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। अभी तक 18-59 वर्ष की लक्षित 77 करोड़ आबादी में मात्र एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई है। कोरोना संक्रमण होने पर मौत से बचाने और गंभीर लक्षण रोकने में वैक्सीन की अहम भूमिका साबित हो चुकी है। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड रोधी वैक्सीन की दूसरी डोज लेने के बाद बूस्टर डोज लेने की समय सीमा को भी नौ महीने से घटाकर छह महीने कर दिया है। अब 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति सरकारी टीकाकरण केंद्र पर जाकर बूस्टर डोज लगवा सकता है।इसमें संदेह नहीं कि फिलहाल कोरोना विषाणु के संक्रमण का जोर कम है, लेकिन रह-रह कर इसके वैरिएंट के फैलने की खबरें आती रहती हैं। अक्सर ऐसा हुआ है जब आम लोगों ने अपने स्तर पर लापरवाही बरती तो उसके नतीजे में संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। हालांकि इससे बचाव के लिए सरकार की ओर से किए गए तमाम उपायों के साथ-साथ देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है, मगर बड़ी चुनौती यह है कि अगर इस महामारी से राहत के हालात को कायम रखना है तो उसके लिए हर स्तर पर चौकसी बनाए रखी जाए। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने टीकाकरण के मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाला काम किया है, जिसके तहत व्यापक पैमाने पर लोगों को टीके की दो खुराक लगाई गई। यह उपाय कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व सावधानी के तौर पर उठाए गए अन्य कदमों के अलावा एक सबसे कारगर उपाय रहा। इसके बाद यह देखा गया कि देश भर में कोरोना के संक्रमण के मामलों में कमी आई। कोरोना विषाणु की अब तक जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने यही बताया है कि इससे संक्रमित व्यक्ति के इलाज के दौरान जिस तरह की जटिलता देखी गई है, उसमें सबसे बेहतर यही है कि विषाणु के संक्रमण से बचाव के तरीके अपनाए जाएं। इसमें अन्य तरीकों के मुकाबले टीकाकरण को सबसे कारगर उपाय बताया गया है। यों शुरुआत में दो खुराक को कोरोना विषाणु के संक्रमण की रोकथाम के लिए पर्याप्त बताया गया था, लेकिन वक्त के साथ इसके वैरिएंट ने हालात को जटिल बनाया है। आज भी देश के कुछ हिस्सों में अचानक ही संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी हो जाती है। शायद यही वजह है कि सरकार ने अब इसके टीकों की दो खुराक के बाद कोरोना पर काबू पाने के मकसद से एहतियाती खुराक को और विस्तारित रूप में देने का फैसला किया है। हालांकि इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है और इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कई स्तर पर पात्र लोगों को अतिरिक्त खुराक दिया गया है, लेकिन अब तक आम लोगों के बीच इसे लेकर एक तरह की उदासीनता देखी गई है। जबकि पहले के दोनों निर्धारित खुराक लेने के लिए लोगों ने पर्याप्त उत्साह दिखाया था। हो सकता है कि इस बीच कोरोना विषाणु के संक्रमण की रफ्तार में कमी आने की वजह से लोग निश्चिंत होते दिखे। यह भी संभव है कि लोगों के भीतर कुछ आशंकाएं पैदा हुई हों। वजह चाहे जो हो, इस तरह के हालात में सरकार पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि लोग किसी अभियान में भाग लेते हुए खुद को सुरक्षित महसूस करें। इसके मद्देनजर सरकार ने कई स्तर पर सावधानी के साथ इस अभियान को गति दी है और इसमें लोगों की हिस्सेदारी को उत्साहित करने के मकसद से अतिरिक्त खुराक के लिए कोई शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि एहतियाती खुराक लेने के प्रति भी लोग सजगता बरतेंगे और इस तरह महामारी को कमजोर करने के अभियान में भागीदारी निभाएंगे।




## मुद्दा

# जमानत कानून में सुधार की जरूरत

रजनीश कपूर

गर्मियों की छुट्टियों के बाद जहां एक दिन में 44 फैसले सुना कर सुप्रीम कोर्ट ने अपने इतिहास में नया रिकोर्ड बनाया वहीं जमानत के कानून में सुधार को लेकर केंद्र सरकार को एक नया कानून बनाने पर विचार करने को भी कहा।

जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एमएम सुंद्रेश की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा, 'भारत को कभी भी एक पुलिस स्टेट नहीं बनना चाहिए, जहां जांच एजेंसियां औपनिवेशिक युग की तरह काम करें।' सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिकाओं के निपटारे के लिए समय-सीमा की जरूरत को भी दोहराया। कोर्ट ने चिंता जताई कि महिला कैदियों के साथ लगभग एक हजार बच्चों को भी जेलों में रहना पड़ रहा है। बड़े होकर ये बच्चे अपराधी बनेंगे इस बात के अंदेशे से इन्कार नहीं किया जा सकता।

कानून में स्पष्ट लिखा है कि जब तक आरोपी पर लगाए गए आरोप सिद्ध न हो जाएं तब तक उसे दोषी करार नहीं किया जा सकता। यदि किसी के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज होती है, तो उस व्यक्ति पर लगे आरोपों के आधार पर कानूनी धाराओं को एफआईआर में जोड़ा जाता है। अपराध और आपराधिक धाराओं पर निर्भर करता है कि वो अपराध जमानती है या गैर-जमानती। यदि अपराध जमानती होता है तो आम तौर पर आरोपी को पुलिस थाने में ही जमानत मिल जाती है।

यदि अपराध संगीन होता है तो जमानत का मिलना या न मिलना केवल अदालत पर निर्भर करता है। जहां तक दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 का सवाल है तो वो जमानत को परिभाषित नहीं करती। हालांकि मामलों को जमानती अपराध और गैर-जमानती अपराध संहिता की धारा 2 (क) में परिभाषित किया गया है। एक जमानती अपराध को एक ऐसे अपराध के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसे संहिता की पहली अनुसूची में जमानती के रूप में दिखाया गया है, या जिसे किसी अन्य कानून द्वारा जमानती बनाया गया है, और गैर-जमानती अपराध का मतलब कोई अन्य अपराध है।

एक व्यक्ति जिसे 'जमानती' अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है, वह पुलिस थाने में जमानत सुरक्षित कर सकता है, जबकि जो लोग पुलिस जमानत हासिल करने में विफल रहते हैं, और जो गैर-जमानती अपराधों के लिए गिरफ्तार होते हैं, उन्हें अदालत में जमानत मिलनी चाहिए। जमानत मिलने का मतलब यह नहीं होता कि आप आरोप मुक्त हो गए हैं। जमानत आम तौर पर कई शतरे के साथ दी जाती है। प्रमुख शर्त यह होती है कि आरोपी शहर छोड़ कर नहीं जाएगा। इसके साथ ही जमानत की एक राशि भी तय की जाती है। इसलिए ताकि आरोपी जांच में सहयोग करे, जिसके आधार पर ही उस पर लगे आरोपों की पुष्टि या उसे आरोप मुक्त किया जा सके।

गौरतलब है कि देश की जेलों में ऐसे कई अपराधी कैद हैं, जो विचाराधीन हैं। इन अपराधियों को कोर्ट में पड़े लम्बित करोड़ों केसों के चलते सुनवाई न हो पाने के कारण जमानत मिलने में देर हो जाती है। इसी के चलते सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के मामलों के निपटारे की समय-सीमा तय करने पर भी जोर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को उन विचाराधीन कैदियों रिहाई को सुविधाजनक बनाने के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जो कैदी जमानत की शतरे का पालन करने में असमर्थ हैं। कोर्ट ने ऐसे मामलों से निपटने के लिए हाई कोर्ट की विशेष अदालत पर भी जोर दिया और इनमें रिक्त स्थानों को जल्द से जल्द भरने को भी कहा। जस्टिस कौल और जस्टिस सुंद्रेश की बेंच ने सभी उच्च न्यायालयों और राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों से चार महीने में इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा।

पहली बार नहीं हुआ है कि जब सुप्रीम कोर्ट जमानत के मामलों को लेकर इतना गंभीर हुआ है। ऐसे तमाम मामले हैं, जिनमें कोर्ट ने जमानत के मौजूदा कानून और आरोपी की जमानत के हक को लेकर तीखी टिप्पणी की है, और पुलिस प्रशासन को भी चेतावनी दी है। आम तौर पर देखा गया है कि कोर्ट और पुलिस की तनातनी, पुलिस द्वारा गैर-कानूनी तरीके से की गई गिरफ्तारी के चलते होती है। जानकारों का मानना है कि पुलिस कभी-कभी राजनैतिक कारणों या किसी अन्य दबाव के चलते गिरफ्तारी करने में जल्दी करती है। यह भी देखने में आया है कि जब इसके विपरीत पुलिस द्वारा गिरफ्तारी न करने पर कोर्ट ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। देखना है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत के कानून में सुधार और उसे समयबद्ध तरीके से लागू करने में केंद्र सरकार क्या रु ख अपनाती है? जो भी हो सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों को राहत मिलेगी। लम्बित पड़े रूटीन गिरफ्तारियों की जमानत के मामलों की सुनवाई को लेकर कोर्ट के कीमती समय की बचत भी होगी बशर्ते उच्च न्यायालय और सरकार सर्वोच्च न्यायालय के इन निर्देशों का कड़ाई से और बिना देरी के पालन करें।



## बिक रहा बोर्डर प्रकरण में जांच कमेटी के सदस्य संदेह के दायरे में

### राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संगठन ने जताया विरोध

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया**
बाड़मेर जिले में पिछले दिनों राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संगठन की टीम के द्वारा मुद्दा उठाया था कि पीएसीएल कंपनी के द्वारा प्रतिबंधित बोर्डर पर नियमों को ताक पर रखकर वर्ष 2006 में जमीन खरीदी गई थी बाद में सरकार ने जांच का आदेश दिया था मामला देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरएम लोढ़ा जांच कमेटी ने जांच कर सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के द्वारा खरीदी गई जमीन पर रोक लगा दी थी सेबी ने वर्ष 2018 में कंपनी की जमीन को नीलाम कर कंपनी के निवेशकों को भुगतान करने का निर्णय लिया था इधर माफियाओं के द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर जस्टिस लोढ़ा के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी एनओसी तैयार कर कंपनी की जमीन को पहले बेची गई थी उसको दुबारा नये ग्राहक तैयार कर बेची जा रही हैं।

पिछले महीने गडरारोड उपखंड क्षेत्र के चाहडीयाली में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करवाने की भनक लगते ही कंपनी के महाप्रबंधक ड्रा. रामस्वरूप पोटलिया ने उप महानिरीक्षक पंजीयन वृत बाड़मेर को 30 मई को ईमेल कर सूचना दी थी उसके बावजूद भी उप पंजीयक गडरारोड के द्वारा रजिस्ट्री की थी जब मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने पर जिला कलेक्टर बाड़मेर को जांच के आदेश दिए जिला कलेक्टर बाड़मेर ने पांच सदस्यों की जांच कमेटी बनाकर नियमानुसार कार्यवाही का आदेश दिया था कमेटी में उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं पदेन कलेक्टर (मुद्राक) भी शामिल हैं आज राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार संगठन ने जिला कलेक्टर बाड़मेर को पत्र लिखकर

आग्रह किया कि उप महानिरीक्षक पंजीयन को जांच कमेटी में शामिल नहीं करे अन्यथा निष्पक्ष जांच होने की कोई संभावना नहीं हैं।

**इनका कहना**

जब कंपनी प्रतिनिधि ने उप महानिरीक्षक पंजीयन को ईमेल कर कंपनी को बेचान की गई जमीन की फर्जी रजिस्ट्री की जा रही हैं फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई अब वहीं अधिकारी जांच कमेटी में शामिल होकर निष्पक्ष जांच नहीं होंगी इसलिए ऐसे अधिकारी को न्यायहित हटाया जाना चाहिए।

**भगवानसिंह लाबराऊ**
**आरटीआई एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता**

मैंने जिला कलेक्टर बाड़मेर व सभी संबंधित सभी तहसीलदारों को कंपनी की जमीन की जानकारी मय खसरा नंबर व सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी भेजी गई हैं फिर भी प्रशासन माफियाओं के साथ मिलीभगत कर कंपनी की जमीन को बेच रहे हैं।

**ड्रा. रामस्वरूप पोटलिया**
**उप महाप्रबंधक लेंड पजेशन एसोसिएट**
**पीएसीएल कंपनी**

## शिव के कोटड़ा रोड चौराहा से गडरारोड़ चौराहा के मध्य का हाईवे क्षेत्र को नो पार्किंग जोन अधिसूचित

**बाड़मेर/दिलीप सैन**
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट लोक बंधु द्वारा राजस्थान मोटरयान नियम 1990 के नियम 8.1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक अधिसूचना जारी कर शिव उपखण्ड क्षेत्र के कोटड़ा रोड़ चौराहा से गडरारोड चौराहा के मध्य के हाईवे क्षेत्र को अन्तिम रूप से नो पार्किंग जोन अधिसूचित किया गया है।

कलक्टर एवं जिला मजिस्टेळ्ट लोक बंधु ने बताया कि जिला यातायात प्रबन्धन समिति एवं सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार शिव उपखण्ड क्षेत्र में आमजन की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने हेतु कोटडा रोड़ चौराहा से गडरारोड़ चौराहा के मध्य के हाईवे क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित करने हेतु जनहित में प्राप्त प्रस्ताव अनुसार उक्त क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किये जाने से पूर्व 9 मई को प्रारूप प्रकाशन किया गया था। आम सूचना में निर्धारित सात दिवस की अवधि में जन साधारण से किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त राजस्थान मोटरयान नियम 1990 के नियम 8.1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शिव उपखण्ड क्षेत्र के कोटड़ा रोड़ चौराहा से गडरारोड चौराहा के मध्य के हाईवे क्षेत्र को अन्तिम रूप से नो पार्किंग जोन अधिसूचित किया गया है।

## श्रावण के प्रथम सोमवार को जयकारों से गूंजे महादेव मन्दिर



मरूधर आईना

**बालेसर जोधपुर रामसिंह राठौड़/** बालेसर क्षेत्र के श्री चन्द्र सिद्धपीठ तेखला धाम पर श्री चन्द्र महादेव मन्दिर में प्रथम सोमवार को महंत श्री सन्तदास के पावन सानिध्य में पंडित भाऊ महाराज व विद्वान पंडितो ने रूद्राष्टाध्यायी के सस्वर पाठ से पूजन कर महादेव का सहस्त्र घट रूद्राभिषेक किया गया व सहस्त्र नाम विल्वपत्र समर्पित कर सर्वमंगल की कामना की श्री हरि ? भजन मंडली उटाम्बर द्वारा शिव का रूद्राभिषेक कर आरती के उपरान्त महाप्रसादी का आयोजन किया गया दिन भर आस पास के ग्रामीणों आना जाना जारी रहा।

# बासडाधनजी गांव मे पहुचा चार फीट बरसात का पानी

### भीनमाल व जसवंतपुरा क्षैत्र मे तेज बारीश से नदी नालो मे पानी की आवक, एक की मौत

मरूधर आईना

**जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान/ मोदरान।** निकटवर्ती बासडाधनजी मे ग्राम पंचायत की सतकर्ता से एनीकट टुटने से बच गया वरना हो सकते थे बाढ के हालात ,ग्राम पंचायत ने तत्काल जेसीबी की सहायता से एनीकट को ठीक करवाया वही शाम तक बासडाधनजी का तालाब पुरी तरह से भर चुका है जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर बाद जसवंतपुरा, सुंधा माताजी पहाड़ी क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई । इसके बाद कई बरसाती नाले उफान पर चले । क्षेत्र के भरूडी - मुड़तरा के बीच बेरा अरठ नाला उफान पर होने से भीनमाल - रामसीन मार्ग भी करीबन 2 घंटे तक बाधित रहा । इस नाले में शाम 5 बजे तक



पानी की आवक जारी रही ।

जसवंतपुरा , सुंधा माता पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार को तेज बारिश हुई । इसके बाद वहां से आने वाला नाला उफान पर रहा । दोपहर बाद एकाएक इस नाले में ज्यादा पानी की आवक होने से भीनमाल रामसीन मार्ग 2 घंटे तक बंद रहा । मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रही । हालांकि इस दौरान बड़े वाहन पानी के अंदर से गुजर रहे थे , लेकिन छोटे वाहन चालक पानी के थमने का इंतजार करते रहे । शाम तक भी नाले में पानी की आवाक जारी रही । इसी तरह मोदरान के निकटवर्ती बासडा धनजी सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह बालावत ने बताया की ऊपरी क्षैत्र मे आज भारी बारीश से बासडा धनजी गांव क्षैत्र मे दो से चार फिट तक पानी गांव मे पंचायत मुख्यालय तक पहुंच गया वही बासडाधनजी मे एक एनीकेट तालाब पानी आवक ज्यादा आने पर टुटने के कगार पर था तब तत्काल ग्राम पंचायत प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी व लोगो की सहायता से एनीकट को ठीक करवाया । इधर सोमता जोडवाडा मे एक नाले मे पानी के तेज बहाव में कार बह गई जिसमें सवार एकवमहिला की हुई मौत हो गई ,दोनो पति पत्नी महादेव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे अपने घर सोमता तो इस दौरान तेज बहाव के साथ पानी में बही कार, मृतक महिला की पहचान भंवरी देवी पत्नी दिनेश राजपुरोहित निवासी सोमता के रूप में हुई, मृतका के शव को लाया रामसीन अस्पताल, घटना की सूचना पर रामसीन पुलिस पहुंची मौके पर।

## प्रधानमंत्री आवास कि दुसरी किस्त डालने के नाम पर सचिव द्वारा दस हजार कि मांग नही देने पर प्रधानमंत्री आवास कि लिस्ट से नाम काटने की सचिव ने दि धमकी मामला पहुंचा उच्च अधिकारी के पास

मरूधर आईना

**मंदसौर बंशीदास बैरागी**
मल्हारगढ़ तहसील कि ग्राम पंचायत रणायरा के सचिव राजेंद्र बामनिया ने गाँव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य में पहली किस्त के बाद दुसरी किस्त डालने के नाम दस हजार कि मांग की गई जिसको लेकर फरियाद ने उच्च अधिकारी को कराया अवगत

जानकारी अनुसार रणायरा निवासी रमेशचंद्र पिता मोहनलाल मेगवाल का नाम चुनाव पुर्व जारी हुई प्रधानमंत्री आवास कि लिस्ट मे आया तब सचिव बामनिया ने हितग्राही को अवगत कराया कि तुमारा नाम प्रधानमंत्री आवास में आया है तुम निर्माण



कार्य शुरू करो तब फरियादी ने अपने पुराने मकान जिसमें वह निवास कर रहा था को गिराकर किसी ,से कर्ज पर पेसे लेकर वहाँ निर्माण कार्य शुरू किया पंचायत द्वारा आवास की पहली किस्त भी डालदी गई अब दुसरी किस्त का समय आया तो लंबे समय से सचिव टालरहा था जब हितग्राही ने दुसरी किस्त डालने के लिए पंचायत सचिव पर जोर डाला तो सचिव राजेंद्र बामनिया ने हितग्राही रमेशचंद्र से दस हजार रुपये की मांग करी व नहीं देने पर हितग्राही का नाम प्रधानमंत्री आवास लिस्ट से काटने की धमकी दे डाली ईसपर हितग्राही मंगलवार को जनसुनवाई मंदसौर मे जिला पंचायत सिईओ के पास न्याय की गुहार लेकर पहुचगया । ईनका कहना... फरियादी जुटे आरोप लगा रहा है मेने पेसे कि मांग नहीं कि है फरियादी कि पत्नी के नाम से पूर्व में ईन्द्राआवास मिला हुआ है पहली 25 हजार रुपये की किस्त वापस करने की बोला है जिस पर फरियादी जुटे आरोप लगाकर शिकायत कर रहा है पुर्व मैं मिले मकान की लिस्ट देखी जिसमें परिवार को लाभ मिलचुका है ईसविशय मैं उच्च अधिकारी निर्णय लेंगे कि परिवार प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्रहै या नहीं राजेंद्र बामनिया पंचायत सचिव रणायरा

## 'ग्राविस संस्थान द्वारा खान मजदूरों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन'




मरूधर आईना

**बालेसर) जोधपुर रामसिंह राठौड़** ग्रामीण विकास विज्ञान समिति(ग्राविस) जोधपुर द्वारा पी.एल.एच. एम. परियोजना के तहत जूना बास बालेसर में खान मजदूरों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ग्राविस के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सोनाराम लखानी ने बताया कि शिविर में कुल 49 रोगियों की स्वास्थ्य जांच करके निःशुल्क दवाइयाँ दी वहीं ग्राविस के वरिष्ठ डॉ राधेश्याम चतुर्वेदी ने खाँसी, जुकाम, बुखार, जोड़ो में दर्द, मौसमी बीमारियों, टी.बी. व सिलिकोसिस के रोगियों की स्वास्थ्य जाँच करके निःशुल्क दवाइयां की साथ ही टी.बी. व सिलिकोसिस के संभावित रोगियों को चिन्हित किया गया ग्राविस के परियोजना समन्वयक विनोद कुमार ने टीबी, सिलिकोसिस एवं मौसमी बीमारियों के लक्षण, उपचार एवं बचाव की जानकारी दी इस मौके पर देवाराम, अमराराम, नेमाराम, गुड्डी, उर्मिला सहित ग्राम वासी मौजूद थे।

## जमकर हुई बारिश से किसानों के खिले चेहरे



मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/** जसवंतपुरा कस्बे सहित क्षेत्रभर में मंगलवार सुबह करीब दस बजे तेज गर्जना के साथ शुरू हुई बारिश घण्टेभर तक जमकर बरसी। बारिश से पहाड़ियों में झरने बहने लगे। खेत खलिहान जलमग्न हो गए। सड़कों पर पानी चलने लगा। वही छोटे बड़े नदी नाले पुरे वेग के साथ बहे। कस्बे के गोलाणा, डोरडा, पावटी, फैदाणी, कलापुरा, गजापुरा, विकणवास, वाड़ा पादर, उच्चतम, चेकला, जाविया समेत आस पास के गांवों में भी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे।

## मौज मस्ती के लिए बाइक चोरी, 2 गिरफ्तारः 48 घंटों में बाइक चोरी का खुलासा, चोरों ने कबूली दर्जन चोरियां



मरूधर आईना

**बाड़मेर-** बाड़मेर जिले की गुड़ामालानी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दो दिन पहले मेगा हाईवे से बाइक चुराई थी। चोर मौज-मस्ती के लिए चोरी करते है। चोरों ने पूछताछ में सिवाना व जालोर में चोरी करना कबूल किया है। पुलिस को अंदेशा है कि और भी चोरी का खुलासा हो सकता है।

दरअसल, लोहारवा निवासी जगदीश कुमार पुत्र देदाराम ने 18 जुलाई को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। कि 17 जुलाई को मेगा हाईवे गुरु कृपा होटल के पास चाय की दुकान के आगे बाइक खड़ी थी। दिनदहाड़े बाइक को चोर चुरा कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की।

गुड़ामालानी सीआई रमेश ढाका के मुताबिक थाना स्तर पर हेड कांस्टेबल सुलतानसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने साइबर टीम की मदद से संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखी। इस दौरान पुलिस को चुनाराम व हंजारीराम की गतिविधि संदिग्ध लगी। पुलिस ने दोनों को पकड़ थाने ले गई पूछताछ करने पर बाइक चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने चुनाराम (20) पुत्र उम्मेदाराम निवासी चवा व हंजारीराम (22) पुत्र जोगाराम निवासी अर्जुन की ढाणी छोटू को गिरफ्तार कर लिया है।

### दर्जन कर चुके चोरियां

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनों चोर लंबे समय से चोरी की वारदात कर रहे है। सिवाना में दो जालोर में काफी चोरी करना कबूल किया है। दोनों थानों को सूचना दे दी है। वहीं चोरों से पूछताछ की जा रही है और भी चोरी की वारदात खुलने का अंदेशा है।

## RLP द्वारा कल्याणपुर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

मरूधर आईना



सोमवार को सुबह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा बाड़मेर जिले के कल्याणपुर तहसील पर जिले में गत चार वर्ष से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्लैम घोटाले व आमजन के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा द्य इस दौरान किसानों ने बीमा कंपनी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की, आरएलपी ब्लॉक उपाध्यक्ष जीवन राम भाखर ने बताया की समय पर बीमा क्लेम किसानों को नहीं मिला तो किसान भविष्य में उग्र आंदोलन करेंगे द्य इस दौरान जेठू सिंह, गोविंद, प्रेम, दिनेश, थान सिंह डोली, छगन पटेल, लूणा राम गोदारा, जसराज, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे!

## जवाई बांध का गेज 14.55 फीट, सेई का पानी पहुंचाः अरावली की वादियों में अच्छी बरसात से बढ़ा जवाई बांध का गेज



मरूधर आईना

ओम प्रकाश प्रजापत/ पाली-सिटी अरावली की वादियों में नाना-बेड़ा क्षेत्र में अच्छी बरसात होने से जवाई बांध में पानी आवक हुई हैं। सुबह जवाई बांध का गेज 13.75 फीट था जो शाम तक बढ़कर 14.55 फीट पहुंच गया। मंगलवार को सुमेरपुर तहसील क्षेत्र में सर्वाधिक 30 मीमी बरसात हुई। वहीं बाली में 5मीमी देसुरी में 10 मीमी रायपुर में 9मीमी , रानी में 6 रूरू व पाली तहसील क्षेत्र में एक मीमी बरसात दर्ज की गई है। बता दें कि मंगलवार सुबह से ही सुमेरपुर, बाली, देसुरी, मारवाड़ जंक्शन, नाना-बेड़ा क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई। जिससे नदी के जरिए जवाई बांध में पानी की आवक हुई। शाम करीब 7 बजे सेई बांध का पानी टनल के जरिए जवाई बांध में पहुंचना शुरू हुआ। ऐसे में बुधवार सुबह तक जवाई बांध का गेज ओर बढ़ेगा।

## बरसे बादल, समदड़ी में सबसे ज्यादा बारिशः दिन भरे छाए रहे घने बादल, किसानों के चेहरे खिले

मरूधर आईना

**बाड़मेर-** बाड़मेर में तेज गर्मी व उमस के बाद मंगलवार को बारिश का दौर शुरू हुआ है। आज कई तेज तो कहीं कम बारिश हुई है। लगातार मानसून सक्रिय रहने से किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। समदड़ी इलाके में लंबे समय के इंतजार के बाद करीब आधे घंटे तक बारिश हुई है। जिले में कहीं तेज तो कहीं कम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 31 एमएम बारिश समदड़ी में हुई है। मंगलवार को सुबह से तेज गर्मी व उसम से लोगों के हाल बेहाल नजर आए। बारिश से कुछ राहत मिली है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान



27.9 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग आगामी कुछ दिन तक मौसम ऐसा रहने की संभावना जता रहा है। बीते कुछ दिनों से आसमान में दिन भर बादलों की आवाजाही हो रही थी। गर्मी व उमस से लोगों के पसीने छूट रहे है। सोमवार को बाड़मेर कहीं बूंदाबादी तो कहीं तेज बारिश हुई थी। शहर में हुई बूंदाबांदी के बाद उमस व गर्मी और तेज हो गई। मंगलवार को सुबह से आमसान में काली घटाएं छाई हुई थी। गर्मी व उमस भी तेज थी। हर कोई बारिश इंतजार कर रहा था। दोपहर बाद शहर में करीब 10-15 मिनट तक बारिश से हुई। सड़कों पर पानी बहने लग गया। दिन व रात के तापमान में 8 डिग्री का अंतर दर्ज किया गया है। हर साल बाड़मेर में बारिश का औसत 295 एमएम है। इस बार 125 एमएम से ज्यादा बारिश हो चुकी है। मंगलवार को जिले के कहीं इलाकों में तेज कहीं कम बारिश हुइ है। समदड़ी लंबे समय के इंतजार के बाद मंगलवार दोपहर 3ः00 बजे हुई झमाझम बारिश ने पूरे कस्बे को जलमग्न कर दिया। पहाड़ों से निकलने वाले पानी से कई मोहल्ले जलभराव की स्थिति बन गई। कुछ माह पहले करमावास से हाइवे के पास से रेलवे स्टेशन तक बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। पीडब्लूडी विभाग की पोल खुल गई। मुख्य बाजार में करीब 2 से 3 फीट पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# ट्रेलरों के बीच भीषण भिड़ंत से लगी आग, एक जलाः ग्रामीणों ने 2 को बचाया, 4 घंटे लगा रहा जाम



मरूधर आईना

**बाड़मेर-** मेगा हाइवे जालीखेड़ा गांव में बीती रात दो ट्रेलर की बीच भीषण भिड़त हो गई। हादसे के बाद दोनों ट्रेलर में आग लग गई। एक व्यक्ति जिंदा जल गया। आसपास के लोगों ने दो लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस व फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची है। घटना बाड़मेर जिले के आरजीटी थाने इलाके की है। हाइवे पर करीब तीन-चार घंटे तक जाम लगा रहा है। पुलिस ने अलसुबह हाइवे जाम खुलवाया। पुलिस के अनुसार एक ट्रेलर गुड़ामालानी से पचपदरा की तरफ जा रहा था सामने आ रहे ट्रेलर के बीच जालीखेड़ा बस स्टैंड के पास रात को करीब 12 बजे आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। अचानक दोनों ट्रेलर में आग लग गई। हादसे की आवाज व आग की लपटें देखकर ग्रामीण व होटल के लोग पहुंचे। तब तक एक व्यक्ति जिंदा जल चुका था। वहीं ट्रेलर से दो लोगों को बाहर निकालकर गुड़ामालानी अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पुलिस व फायर बिग्रेड भी पहुंची। हाइवे पर दोनों तरफ जाम लग गया। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया तब तक ट्रेलर जल चुके थे। पुलिस ने मृतक रामाराम (32) पुत्र पूनमाराम निवासी शोभाला जेतमाल के शव को गुड़ामालानी मोर्चरी में रखवाया गया है।

# बाइक बैल से टकराई, युवक गंभीर घायल, रेफरः सड़क पर गड्ढे होने से बाइक स्लिप होकर बैल से टकराई




मरूधर आईना

**बाड़मेर-** बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थानान्तर्गत भारत पेट्रोलियम पंप के पास गड्डों में बाइक स्लिप होकर बैल से टकरा गई। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग युवक को गुड़ामालानी अस्पताल लाए और प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बाड़मेर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार भीलों की बस्ती बारासन (28) निवासी छगनलाल पुत्र आसूराम गुड़ामालानी से आलपुरा की तरफ काम पर जा रहा था। भारत पेट्रोलियम पंप के पास सड़क पर गड्?डें ज्यादा होने के कारण बाइक स्लिप होकर बैल से टकरा गई। बाइक सवार छगनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को गुड़ामालानी अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गुड़ामालानी एएसआई गोमाराम के मुताबिक सड़क हादसे में एक युवक घायल हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना का देखकर बाइक को जब्त कर लिया है। घायल के सिर, हाथ, पैर सहित पूरे शरीर पर चोटें आई है।

### बारिश की वजह से जगह-जगह गड्ढे

जिले में बारिश होने की वजह से सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो रखे है। रफ्तार में चल रही गाड़ियां या बाइक अचानक गड्ढे आ जाने से बचाने की कोशिश करते है इससे बाइक व गाड़ियां अनियंत्रित होकर हादसे का कारण बन रही है। हाइवे अथॉरिटी इस तरह ध्यान नहीं दे रही है।

# पेट्रोल पंप से सेल्समैन ने की लाखो रुपए की चोरी

## कैमरों की केबल काट चुराए रुपए

मरूधर आईना



**बाड़मेर।** पेट्रोल पंप से सीसीटीवी कैमरों की केबल काटकर लाखो रुपए चुराने वाले पंप के सेल्समैन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक वीक पहले पेट्रोल पंप से 8 लाख 44 रुपए की चोरी हुई थी। सेल्समैन तीन माह पहले ही पेट्रोल पंप लगा था। मामला बाड़मेर जिले के बाखासर साता गांव का है। पूछताछ में सामने आया है कि सेल्समैन खुद की गाड़ी (ट्रक) खरीदने के लिए रुपए चुराए थे। दरअसल, साता गांव निवासी तेजदान चारण ने बाखासर थाने में 10 जुलाई को रिपोर्ट दी थी। 9 जुलाई की रात को चोर ने पेट्रोल पंप पर लगे कैमरों की केबल काटकर दो-तीन तीनों का कैश 8 लाख 44 हजार रुपए चुरा कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की। बाखासर थानाधिकारी सूरजभानसिंह के मुताबिक लाखों रुपए चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम बनाकर संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखनी शुरू की। इस दौरान पुलिस को सेल्समैन की गतिविधि संदिग्ध लगी। पुलिस ने सेल्समैन चेनाराम पुत्र शंकरराम निवासी अम्बावा बाखासर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। चैनाराम ने रात में पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की केबल काटकर काउंटर के गले में रखे 8 लाख 44 हजार रुपए चुराना स्वीकार किया है। सेल्समैन को गिरफ्तार कर रुपए बरामदगी को लेकर प्रयास किए जा रहे है।

# समीक्षा बैठक: बोले बीसूका उपाध्यक्ष, जरुरतमंदों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ, यह मुख्यमंत्री की मंशा

मरूधर आईना



**ओम प्रकाश प्रजापत**

**पाली-** सिटी कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक जरूरतमंद को योजनाओं से लाभान्वित करना है। इसके लिए अधिकारी आवंटित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें एवं बेहतर कार्ययोजना तैयार कर आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ दिलाए। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि सरकार की योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है एवं अधिकारियों को नियत समय मे लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बीसूका उपाध्यक्ष ने बीस सूत्री कार्यक्रम व सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं जिनमें मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान योजना, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा की। उन्होंने शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा सैंपल लेकर जांच करने व मिलावट पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने तथा चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदिरा रसोइयों की समीक्षा करते हुए कहा कि रसोई के खाने की गुणवत्ता व अन्य सुविधाओं की जांच करे व इंदिरा रसोई के तहत ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद को लाभ मिले। बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान ने रसद विभाग की गेहूं वितरण, शिक्षा विभाग के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों व काली बाई भील एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के वितरण, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओ सहित अन्य विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर जिले में बेहतर प्रगति लाने आमजन को योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला, अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रभान सिंह भाटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) बलदेवाराम धोजक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौधरी, जिला रसद अधिकारी सुमित्रा पारीक सहित जिले के समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से रेप के दोषी ठेकेदार को 20 साल कैदः काम से निकालने की धमकी देकर करता था शोषण

मरूधर आईना




**ओम प्रकाश प्रजापत**

**पाली।** सिटी बेटी की उम्र की नाबालिग से कई बार रेप करने के अधेड़ आरोपी को पोस्को कोर्ट ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने कभी निर्माणाधीन मकान पर तो कभी ब्यावर ले जाकर नाबालिग से रेप किया था।पोक्सो कोर्ट संख्या एक के विशिष्ठ लोक अभियोजक संदीप नेहरा ने बताया कि सोजतरोड थाने में 22 फरवरी 2020 को एक नाबालिग के परिजनों ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार धूंधला गांव निवासी 43 वर्षीय अजीज खान पुत्र गफूर शाह सांई मुसलमान के खिलाफ नाबालिग बेटी के अपहरण व रेप करने का मामला दर्ज कराया था।

रिपोर्ट में बताया कि उनकी 14 साल सात माह की नाबालिग बेटी ठेकेदार अजीज खान के साथ कमठे (मकान निर्माण) पर मजदूरी का काम करती थी। नियमित मजदूरी देने का लोभ देकर आरोपी ने उससे जान-पहचान बढ़ाई। एक दिन धूंधला गांव में आरोपी ठेकेदार अजीज खान ने जबरदस्ती उससे साथ रेप किया ओर किसी को कुछ नहीं बताने पर काम से निकालने की धमकी दी ओर उसके अश्लील फोटो भी खींच लिए।

रिपोर्ट में बताया कि 22 फरवरी 2020 की सुबह उनकी नाबालिग बेटी खुले में शौच के लिए जा रही थी। इस दौरान रास्ते में अजीज खान मिला। उसका अपहरण कर अपने साथ ब्यावर ले गया। जहां एक किराए के कमरे में उससे फिर रेप किया। घर पहुंच उसने परिजनों को आपबीती बताई। इस पर उन्होंने सोजत रोड थाने में आरोपी के खिलाफ स्त्रढ्ढक्रदर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया।

19 जुलाई को पोक्सो कोर्ट संख्या एक के जज सचिन गुप्ता ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस व सबूतों को देखते हुए सोजत रोड थाना क्षेत्र के धूंधला गांव के कृष्णा कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय अजीज खान पुत्र गफूर शाह सांई मुसलमान को नाबालिग से रेप का दोषी मानते हुए 20 साल कारावास सजा सुनाई तथा एक लाख 70 हजार के जुर्माने से दंडित किया।

# पाली में 2 विवाहिताओं की सुसाइड की कोशिश



मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापत**

**पाली।** सिटी जिले में मंगलवार को दो विवाहिताओं ने जहर खा लिया। एक ने पति से कहासुनी के बाद जहर खाया तो दूसरी विवाहिता ससुराल से पीहर आते ही जहर खा लिया। एक का देसूरी हॉस्पिटल में उपचार जारी है तथा दूसरी को पाली बांगड़ हॉस्पिटल से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। कोतवाली थाने के ASI सम्पतराज ने बताया कि शहर के पुनायता रोड मोहन नगर निवासी मालाराम चौधरी की 22 वर्षीय बेटी कांता पत्नी वेनाराम चौधरी सोमवार को ही अपने ससुराल उदेशी कुआं से पीहर आई थी। मंगलवार सुबह उसने अपने पीहर मोहन नगर में सल्फास की गोलियां खा लीं। पता चलने पर परिजन उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जोधपुर रेफर किया गया। पति से अनबन हुई तो खाया जहरजिले के देसूरी स्थित भील बस्ती में मंगलवार को 35 वर्षीय पारकी पत्नी तलसाराम भील ने पति से अनबन होने के बाद जहर खा लिया। जिसे उपचार के लिए परिजन देसूरी हॉस्पिटल लाए जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस की प्रांरभिक जांच में सामने आया कि विवाहिता की मंगलवार सुबह अपने पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे गुस्सा होकर उसने जहर खा लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर देसूरी सरपंच केसाराम भील व उपसरपंच भवानी सिंह राठौड़ भी हॉस्पिटल पहुंचे।

# चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाडी केन्द्रों तथा शिक्षण संस्थाओं में मनाया गया शक्ति-दिवस



मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार,)** जिले मंगलवार को अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाडी केन्द्रों तथा शिक्षण संस्थाओं पर शक्ति दिवस मनाया गया। जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशन में अनीमीया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिले में शक्ति दिवस का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केंद्रों एवं शिक्षण संस्थाओं पर बच्चों को सिरप पिलाई व किशोर किशोरियों गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को अनीमिया रोग के बारे में जागरूक करते हुए आईएफए की गोलियां खिलाई गई द्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि मंगलवाल को जिले में शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अनीमिया से होने वाले शारीरिक व मानसिक नुकसान की जानकारी दी गई और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए पोष्टिक व आयरन युक्त आहार के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की हिमोग्लोबिन की जांच कर उनको आयरन की गोलियां खिलाई गई। वहीं बच्चों को आयरन की सिरप पिलाई गई। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. बी. आर. विश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम के लक्षित लाभार्थियों में बच्चों, किशोर, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं की स्क्रीनिंग कर अनीमिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है।। शक्ति दिवस के दौरान चिकित्साकर्मीयों द्वारा बच्चों, किशोर किशोरियों महिलाओं, गर्भवती व धात्री महिलाओं की हिमोग्लोबिन की जांच कर उनको आयरन की गोलियां खिलाई गई। वहीं बच्चों को आयरन की सिरप पिलाई गई। बच्चों, किशोर किशोरियों व गर्भवतीओ को आयरन की गोलियां वितरित की गई। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा सहयोगिनियों द्वारा लक्षण के आधार पर स्क्रीनिंग की कर आयरन की सिरप व गोलियां वितरित की गई।

# जिला मुख्यालय स्थित 16 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी रीट परीक्षा

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** जिला मुख्यालय पर 23 एवं 24 जुलाई को प्रतिदिन दो पारियों में राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए 16 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये हैं।अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 23 जुलाई को प्रथम पारी में रीट लेवल-1 एवं द्वितीय पारी में रीट लेवल-2 के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा वही 24 जुलाई को दोनों पारियों में रीट लेवल-2 के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के समय सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र के वितरण से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सम्पूर्ण वीडियोग्राफी की जाएगी साथ ही जिला मुख्यालय पर इसके लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

# मगरमच्छ देख ग्रामीणों के उड़े होशः देसूरी के गुलाब सागर में आया मगरमच्छ, डर के साये में ग्रामीण



मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापत/ पाली।** सिटी देसूरी के आबादी क्षेत्र में स्थित गुलाब सागर में बड़ा मगरमच्छ मंगलवार को देखा गया। मगरमच्छ देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने वन विभाग को इसको लेकर सूचना दी लेकिन अभी तक मगरमच्छ का रेस्क्यू नहीं किया जा सका है। दरअसल, देसूरी के आबादी क्षेत्र में गुलाब सागर स्थित है। वहां मंगलवार को एक बड़ा मगरच्छ देखा गया। लोगों ने मगरमच्छ का वीडियो बना दिया। गुलाब सागर के आस-पास सैकड़ों रहवासी मकान हैं। ऐसे में मगरच्छ गुलाब सागर में आने से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्हें चिंता सता रही है कि कई तालाब से बाहर आकर मगरच्छ बच्चों को अपना शिकार न बना ले। इसको लेकर उन्होंने वन विभाग की टीम को सूचना दी लेकिन अभी तक रेस्क्यू नहीं किया गया। भय के चलते ग्रामीण अपने बच्चों को खेलने के लिए भी बाहर नहीं भेज रहे।

# एसबीआई बैंक में गार्ड के पद पर पूर्व सैनिकों की भर्ती

**ओम प्रकाश प्रजापत**

**पाली।** सिटी एसबीआई बैंक द्वारा गार्ड के पद पर भर्ती के लिए सेवानिवृत हुए भूतपूर्व सैनिक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 25 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल एस. राठौड ने बताया कि एसबीआई बैंक में गार्ड के पद पर भीर्ती 2021-22 के लिए कार्यालय से एक अक्टूबर 2021 से पहले सेवानिवृत हुए भूतपूर्व सैनिकों के आवेदन मांग गए है। जिसमें आयु एक अक्टूबर को अधिकतम 45 वर्ष, न्यूनतम सैन्य सेवा 15 वर्ष की होनी चाहिए, सिपाही से हवलदार (या वायुसेना/नौसेना के समकक्ष रैंक) तक की रेंक वाले ही आवेदन के पात्र है। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं पास होना चाहिए एवं ग्रेजुएशन पास भूतपूर्व सैनिक अपात्र है। सभी आर्म्स/सर्विस के किसी भी ट्रेड के सभी भूतपूर्व सैनिक पात्र है, सेवानिवृति एक अक्टूबर 2021 से पहले सेवा निवृत हुए भूतपूर्व सैनिक ही आवेदन के लिए पात्र है। नियोजन के नियमानुसार कार्यालय द्वारा कैटेगरीवार आवेदकों के नाम भेजे जाएंगे। आवेदन के साथ एससी, एसटी, ओबीसी, ईडबल्यूएस कैटेगरी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र में दी जाने वाली सम्पूर्ण जानकारी जैसे कि भूतपूर्व सैथ्नक का पता, शैक्षणिक योग्यता, मेडिकल कैटेगरी आदि उनके डिस्चार्ज बुक में दी हुए सूचना के अनुसार ही होनी चाहिए। इच्छुक भूतपूर्व सैनिक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 25 जुलाई तक आरक्षण के लिए प्रमाण पत्र, डिस्चार्ज बुक की छायाप्रति तथा मोबाईन नम्बर सहित आवेदन प्रस्तुत कर सते है।

# नालों की सफाई देखने पहुंचे एसडीएमः 3 दिन में की जाए नालों की सफाई, ठेकेदार को दिया नोटिस



मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापत**

**जैतारण।** पाली-सिटी नगरपालिका द्वारा शहर के मुख्य नालों व अन्य नालियों की सफाई समय पर नहीं होने से बारिश का पानी सड़कों पर फैल रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए एसडीएम डॉ. भास्कर विश्नोई ने निरीक्षण कर पालिका ईओ को पाबंद कर तीन दिनों में जल्द नालों व नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए।

### सफाई को लेकर लाखों का टेंडर जारी

बता दें कि बारिश के मौसम को लेकर पालिका द्वारा शहर के मुख्य नालों व नालियों की सफाई को लेकर 10 जून को 7.26 लाख रूपए की लागत से सफाई को लेकर ठेकेदार को टेंडर जारी कर 13 जुलाई तक सभी नालों की सफाई करने के निर्देश दिये थे। लेकिन टेंडर अवधि निकल जाने के बाद भी शहर के नालों में गंदगी पड़ी होने व सफाई नहीं होने से एसडीएम ने नाराजगी जताकर जल्द सफाई करवाने के निर्देश दिए।

### तीन दिन में नालों की सफाई करवाने के दिए निर्देश

एसडीएम डॉ. भास्कर विश्नोई ने कहा कि कस्बे में समय पर नालों की सफाई नहीं होने को लेकर पालिका ईओं को नोटिस जारी कर ठेकेदार को पाबंद कर तीन दिन में नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए। तीन दिनों के भीतर नालों की सफाई नहीं होने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर धरोहर राशि जप्त करने के निर्देश दिए।

# 240 पव्वे देसी शराब बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

**जालोर ( श्रवण कुमार औड )** भीनमाल पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए 240 पव्वे देसी शराब बरामद करने के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह के नेतृत्व पुलिस टीम ने एक थ्री व्हीलर टेम्पो को रुकवाया और तलाशी ली। इसमें से अवैध शराब बरामद की गई। साथ ही दिनेश कुमार पुत्र नरसाराम मेघवाल, जुठाराम पुत्र हाजरा भील निवासी पावली थाना जसवंतपुरा हाल गुणीनाडा और पुखराज पुत्र हुकमाराम जटिया निवासी होली चौक कस्बा भीनमाल को गिरफ्तार किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी गजेंद्र प्रसाद के लिए माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, बोहरा भवन, एम जी एच रोड, जोधपुर, राजस्थान, से मुद्रित एवं सरकारी स्कूल के सामने, माधोपुरा, आहोर, जालोर 307029 (राजस्थान) । संपादक गजेंद्र प्रसाद, उपसंपादक रघुवीर सिंह देवड़ा, माधोपुरा रोड आहोर, जालोर राजस्थान 307029, फोन नंबर 8890680200, 82098 54647, ईमेल - marudharaaina@gmail.com, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जालोर रहेगा, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी )

## गोस्वामी ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया



मरूधर आईना

**भीनमाल।भावेश भील पूंजाबेरी/** कस्बे के मोरसीम मार्ग पर स्थित भीनमाल हॉस्पिटल बागोड़ा में प्रसव पेशेंट श्रीमती कोकूदेवी 2/0 मेहराराम चौधरी मोरसीम को प्रसव के दौरान क्व पॉजिटिव रक्त की सख्त जरूरत पड़ने पर रतनपुरी जी गोस्वामी नादिया ने तुरन्त अस्पताल पहुंच कर आपातकालीन स्थिति से जूझ रही महिला को रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया खूब खूब धन्यवाद गोस्वामी जी का जिन्होंने मानवता का फर्ज निभाया जिसमे स्न्हइ विजयराज चौधरी,छुरु शर्मा,ललित सैन, निशार भाई, खेराज भाई ,कालू राम सहित अन्य स्टाप मौजूद रहे

## कामगारों के लिए शिविर का आयोजन



### पोखरण में 25 लोगों ने उठाया प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन का लाभ, लोगों से जुड़ने की अपील

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया /पोखरण-** भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करवाकर असंगठित क्षेत्र के 18 से 40 वर्ष के कामगार वृद्धावस्था में न्यूनतम ?3000 मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। योजना को लेकर नगर पालिका पोकरण के सभागार में मंगलवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जोधपुर द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

**25 लोगों ने लिया लाभ**

इस दौरान सभागार में उपस्थित लोगों ने जानकारी देते हुए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम राजेश मीणा ने बताया कि 18 से 40 वर्ष की उम्र का कोई भी पुरुष या महिला आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार के साथ जुड़े हुए मोबाइल फोन के साथ शिविर में पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करवा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। इस दौरान शिविर में करीब 25 लोगों ने योजना से जुड़कर लाभ प्राप्त किया।

#### योग्य व्यक्तियों को योजना से जुड़ने की अपील

भारत सरकार की इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं और वृद्धावस्था में पेंशन पाएं। उक्त शिविर में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम राजेश मीणा तथा प्रवर्तन अधिकारी धीरज कुमार, विजय टाटिया, तथा पीसी गहलोत उपस्थित हुए उनके द्वारा योजना के लाभ के बारे में बताते हुए सभी योग्य व्यक्तियों को से जुड़ने के लिए अपील की गई।

#### 3000 रुपए की मिलेगी मासिक पेंशन

इस योजना में अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों को मासिक ?55 से लगाकर ?200 तक पेंशन खाते में जमा करवाने होंगे। उतने ही पैसे केंद्र सरकार उनके खाते में जमा करेगी और 60 साल की उम्र के बाद कम से कम ?3000 मासिक पेंशन मिलेगी। जिससे वृद्धावस्था में व्यक्ति किसी का मोहताज नहीं रहे।

### बेसहारा पशुओं से परेशान आमजन

## भीनमाल में सड़कों के बीचो-बीच बैठ जाते हैं, लोग बोले- प्रशासन ने हादसों के बाद भी नहीं लिया सबक

मरूधर आईना

**भीनमाल-** भीनमाल शहर में इन दिनों बेसहारा पशुओं की समस्या बढ़ने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ज्यादातर समस्या शहर की तंग गलियों में हो रही है। जानकारी के अनुसार शहर में काजी हाउस नहीं होने के कारण आवारा पशुओं को गौशाला भी नहीं ले रही है, जिससे आवारा पशु दिनभर मुख्य बाजार में विचरण करते रहते हैं। शहर की कोई गली ऐसी नहीं है जहां आवारा पशु नहीं बैठा हो। इस संबंध में नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक संजय जोशी का कहना है कि पिछले महीने नगरपालिका की टीम द्वारा आवारा पशुओं को कृष्णा गौशाला को सुपुर्द किया गया था, लेकिन अब गौशाला के पास भी इन्हें रखने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या बनी हुई है।



### कई बार हो चुके हैं हादसे

करीबन 3 वर्ष पहले शहर के भीलो के चौहटे पर एक सांड ने बुजुर्ग को घायल कर दिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इसी तरह हाल ही में खाली रोड पर एक व्यापारी की दुकान में दो सांड लड़ाई करते हुए कुछ गए थे जिसके बाद बड़ी मुश्किल से व्यापारी की जान बचाई थी इसी तरह शहर में छोटे-मोटे हादसे रोजाना हो रहे हैं लेकिन समस्या का स्थाई समाधान किसी के पास नहीं है।

# जोधपुर में मौसेरे भाई-बहन का मर्डरः वारदात को सड़क हादसा दिखाने की कोशिश, हत्या के लिए खरीदी थी कार

मरूधर आईना

**जोधपुर-** मौसेरे भाई-बहन का रोड एक्सीडेंट मर्डर का मामला निकला। जोधपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि युवक रमेश पटेल के मर्डर की प्लानिंग एक महीने पहले ही बना ली गई थी। इसके लिए आरोपी ने सेकेंड हैंड कार भी खरीदी थी। बदमाशों के टारगेट पर रमेश ही था, जबकि कविता की इस दुश्मनी में बेवजह जान चली गई। इस डबल मर्डर में शंकर पटेल मुख्य आरोपी है। उसी ने साजिश रची थी। वह अभी फरार है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ड्ढष्टक्क पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि शंकर पटेल की रमेश पटेल से दुश्मनी थी। 1 महीने पहले उसने राकेश माली, राकेश सुथार और सोहन पटेल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। वह कई दिनों से इनकी रैकी कर रहे थे। सोमवार को भी रमेश की रैकी की गई।

पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे सर गांव



निवासी रमेश पटेल (28) अपनी मौसेरी बहन कविता (25) को लेकर जोधपुर तहसील ऑफिस जा रहा था। उसकी मौसेरी बहन कविता का सिलेक्शन पटवारी के लिए हुआ था और वह नौकरी जॉइन करने जा रही थी। इस पर शंकर के साथी ने रैकी कर बताया कि रमेश घर से रवाना हो गया। इस पर गांव के बाहर निकलते ही एसयूवी से आरोपियों ने दोनों को रौंद कर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि गाड़ी कौन चला रहा था इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। हत्या का मुख्य आरोपी और साजिशकर्ता शंकर पटेल अभी फरार है। ऐसे में इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि रमेश की हत्या क्यों की गई थी ? डीसीपी यादव ने बताया कि आरोपी पहले भी तीन से चार बार रमेश की रैकी कर चुके थे। लेकिन, उनकी प्लानिंग फेल हो गई। रमेश की हत्या को सड़क हादसा बताने के लिए राकेश माली के नाम से सेकेंड हैंड कार खरीदी थी। इसका फाइनेंस शंकर पटेल ने किया था। उन्होंने बताया कि यह मर्डर पूरी तरह से प्री-प्लान्ड था।

इस घटना के बाद से परिजन और ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। हादसे के बाद मथुरादास माथुर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर जमा हो गए थे। परिजन व समाज के लोग पहले से ही कुछ लोगों पर मर्डर का आरोप लगा रहे थे। इसके बाद पुलिस कमिश्नर रविदत्त गौड़ के निर्देशन में आधी रात तक टीम लगी रही।

### जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं सुध

## 10 साल में गायब हो गई रामसरोवर तालाब से निकलने वाली नदी, बन सकते हैं बाढ़ के हालात

मरूधर आईना

**जैसलमेर /राकेश दहिया रामदेवरा-** लोक देवता बाबा रामदेव की तीर्थ स्थली रामदेवरा में रामसरोवर तालाब के आगोर से कुछ सालों पहले तक एक नदी निकलती थी, जो रामसरोवर तालाब से रावसरिया तालाब के पीछे से होकर करीब दो किलोमीटर तय करके नाचना चौराहे के पास से होकर निकलती थी।



#### 10 सालों से नहीं निकल रही नदी

लेकिन पिछले 10 सालों से अब नदी वहां से नहीं निकल रही है और रामसरोवर तालाब के बारिश के दिनों में ओवरफ्लो होने पर बाढ़ का खतरा बना रहता है। रामदेवरा में पहले बारिश के दिनो में कभी रामसरोवर तालाब के आगोर में पानी इतनी बड़ी मात्रा में जमा नही होता था, लेकिन अब नदी में बारिश का पानी आगे नही बढ़ पाता जिसके कारण तीन वर्ष पहले पंचायत और प्रशासन को जेसीबी की सहायता से तालाब के पानी को अलग रास्ता बना कर निकालना पड़ा था।

#### बारिश के पानी की निकासी के लिए नहीं बचा रास्ता

वहीं प्रशासन की लापरवाही के कारण लोगों ने नदी के बहाव क्षेत्र में ही भवन और धर्मशालायें बना डालीं। तालाब के पानी के साथ पोकरण की पहाड़ी से आने वाला पानी भी इसी नदी के पानी के साथ आगे रास्ता बनाता था। लेकिन अब नदी 500 मीटर आगे जाकर तालाब का आकार ले लेती है और कुछ दूरी पर छोटे सीवरेज नालों में बंट जाती है। ऐसे में अधिक बारिश के समय बरसाती पानी की निकासी के लिए कोई रास्ता नही बचा है।

रामसरोवर तालाब से निकलने वाली इस नदी का रिकोर्ड प्रशासन ने सरकारी दस्तावेज में दर्ज नही किया। इसी कारण से भूमाफ़ियाओं ने नदी क्षेत्र में कब्जे शुरू किए। रामदेवरा पटवारी बीरबलराम ने बताया की नदी पहले तालाब से नाचना चौराहे तक जाती थी। लेकिन दस्तावेज में ना होने के कारण लोगों में बिना पट्टे जारी लिए क़ब्ज़े कर दिए। जिसके कारण अब पानी आस पास के क्षेत्र मे फैल जाता है।

**इनका ये कहना**

वर्षो पहले से चल रही इस नदी के बहाव क्षेत्र में पंचायत की तरफ़ से कोई पट्टा जारी नही किया गया है। लोगों ने नदी के बहाव क्षेत्र में भवन बना दिए है।

**समंदरसिंह, सरपंच, रामदेवरा**

### जैसलमेर का आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष खुद आपदा में: बारिश में कंट्रोल रूम की हालत खराब



मरूधर आईना

**जैसलमेर-** जैसलमेर में बाढ़ व आपदा आदि की सूचना देने के लिए बनाया हुआ कंट्रोल रूम खुद आपदा के घेरे में है। जैसलमेर में सोमवार रात आई बारिश ने कंट्रोल रूम की पोल खोल दी है। कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम ऑफिस के पास बनाया गया आपदा और बाढ़ आदि की सूचना के लिए कंट्रोल रूम में बारिश का पानी घुस आया। साथ ही बारिश से छतों से पानी भी आया। वहां पर काम कर रहे कर्मचारी खुद बारिश में बिल्डिंग में टपक रहे पानी से भीग गए।

#### बारिश ने खोली पोल

दरअसल जैसलमेर जिला प्रशासन ने बाढ़ व आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष कलेक्टर परिसर के अंदर एडीएम ऑफिस के पास ही बनाया है। जैसलमेर में बारिश के दौरान अगर कहीं आपदा की स्थिति हो जाए तो लोग कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दे सकेंगे ताकि उनको समय पर मदद मिल सके। मगर यहां तो हालात ही उल्टे हैं। सोमवार शाम को करीब 2 घंटे आई बारिश ने इस कंट्रोल रूम की पोल खोल दी। इस कंट्रोल रूम की छतों से पानी टपकने लगा और दीवारों में पड़े क्रेक से भी पानी आने लगा। हालात ये हुए कि बिल्डिंग में ही पानी घुस आया। कंट्रोल रूम में काम कर रहे कर्मचारी बारिश से टपकती छत से खुद भी भीग गए और परेशान नजर आए। अब सवाल ये है कि अगर कंट्रोल रूम ही आपदा में घिरा हो तो लोग कैसे उम्मीद करें कि उनकी आपदा में समय पर और सही मदद होगी।

## भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई जुड़ी की बैठक हुई आयोजित

### फसल बीमा क्लेम खरीफ 2021 और एफपीओ पर हुई चर्चा

मरूधर आईना

**गुडामालानी/भावेश डगला पूंजाबेरी/** भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई जुड़ी की बैठक ईकाई अध्यक्ष हेमाराम के कृषि फार्म पर प्रांत प्रचार प्रमुख प्रह्लाद सियोल के सानिध्य मे तहसील अध्यक्ष खेताराम सियाग की उपस्थिति मे ग्राम इकाई के अध्यक्ष हेमाराम की अध्यक्षता मे आयोजित हुई भगवान बलराम के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर



बैठक का सुभारम्भ करते हुए इकाई स्तर की किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के उपायों पर चिंतन किया गया उपस्थित किसानो ने फसल बीमा क्लेम नहीं आने पर प्रशासन स्तर पर मांग रखने का प्रस्ताव रखा जिस पर आगामी 21 जुलाई को तहसील मुख्यालय पर बैठक रखने तय किया

इस दौरान एफपीओ थारमणि ऑर्गेनिक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार कलबी और डायरेक्टर ताजाराम गोदारा ने उपस्थित किसानों को भारत सरकार की एफपीओ योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानो को खुद किसानो की कम्पनी से जुड़ने का आग्रह किया

इस दौरान राणाराम, किसनाराम, हीरसिंह , रूपाराम, आसूराम, जेठाराम देवासी ,चौथाराम, श्रवण भाकर, तगाराम देवासी , सांवलाराम सहित ग्राम ईकाई के सक्रिय किसान उपस्थित रहे

### प्रशासन शहरों के संग अभियान:जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बोले- शिविर से पहले मोहल्ले में करें सर्वे



मरूधर आईना

**भीनमाल-** जिला कलेक्टर निशांत जैन ने मंगलवार को शहर के संतोषी माता मंदिर संस्कृत विद्यालय में चल रहे प्रशासन शहरों के संग शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों को शिविर लगाने से पूर्व आधे घंटे तक मोहल्ले में सर्वे कर शिविर की जानकारी देने के लिए कहा। दोपहर को 12 बजे जिला कलेक्टर निशांत जैन शिविर में आए इसके पश्चात एक-एक कर्मचारी से जानकारी लेकर शिविर में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से टीकाकरण को लेकर जानकारी ली।

टीकाकरण से वंचित चल रहे लोगों को जागरुक कर टीकाकरण लगाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके बाद रोडवेज, नगरपालिका, महिला एवं बाल विकास सहित कई विभागों के कर्मचारियों से जानकारी लेकर आमजन को शिविर के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने की बात कही।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी जवाहराम चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष विमला बोहरा, अधिशासी अधिकारी आशुतोष आचार्य, तहसीलदार राम सिंह राव, सहायक अभियंता कैलाश व्यास, मनोनीत पार्षद जयंती लाल घाची, पारस मल घाची सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कार सहित नाले में बहे दंपती

### यूथ कांग्रेस जिला महासचिव की पत्नी की मौत, 800 फीट बहने के बाद बचा पति

मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ भीनमाल/जालोर -** जोरदार बारिश के बाद नाला उफनकर सड़क पर बहने लगा। उसी सड़क से निकल रहे यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव और उसकी पत्नी कार सहित नाले में बह गए। पति करीब 300 मीटर बहने के बाद सुरक्षित बच निकला, पर पत्नी की मौत हो गई। मामला जालोर के जसवंतपुरा पंचायत समिति के सोमता गांव का है।

#### तेज धार में फंसी गाड़ी

जालोर-सिरोही यूथ कांग्रेस जिला महासचिव सोमता निवासी दिनेश कुमार पुरोहित (40) अपनी पत्नी भंवरी देवी (35) के साथ मंगलवार को सोमता गांव के महादेव मंदिर में दर्शन करने के गए थे। दोपहर करीब 12 बजे लौटते समय बीच रास्ते में तेज बारिश शुरू हो गई। नाला उफनकर सड़क पर बहने लगा था। इसी दौरान उनकी कार



निकली। तेज धार ने कार को चपेट में ले लिया। दिनेश कार को संभाल नहीं पाए। कार बंद हो गई। कुछ दूर आगे जाकर दिनेश तो कार से निकलने में कामयाब हो गए, पर पत्नी भंवरी देवी फंसी रहीं। वो पीछे की सीट पर बैठी थीं। कांच बंद होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाईं। आसपास के लोगों की मदद से भंवरी को रामसेन गवर्नमेंट हॉस्पिटल ले गए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी सोमता निवासी भंवर सिंह ने बताया कि करीब 300 मीटर तक बहने के बाद दिनेश सुरक्षित निकले थे।

#### लोगों ने किया था मना

मौके पर खड़े लोगों ने तेज धार होने के कारण दिनेश को आगे बढ़ने से मना किया था। फिर भी दिनेश नहीं माने। उन्हें लगा था कि धार कम है। दिनेश जालोर-सिरोही यूथ कांग्रेस के महासचिव हैं। उनके 5 बच्चे हैं। इसमें सुगना (17), जयश्री (14), दिलीप (11), भगवती (8) और पूर्णा (7) शामिल हैं। बच्चे भी मम्मी-पापा के साथ मंदिर जाना चाहते थे, लेकिन दिनेश उनको नहीं ले गए थे।

### 240 पव्वे देसी शराब बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड )** भीनमाल पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए 240 पव्वे देसी शराब बरामद करने के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह के नेतृत्व पुलिस टीम ने एक थ्री व्हीलर टेम्पो को रुकवाया और तलाशी ली। इसमें से अवैध शराब बरामद की गई। साथ ही दिनेश कुमार पुत्र नरसाराम मेघवाल, जुठाराम पुत्र हाजरा भील निवासी पावली थाना जसवंतपुरा हाल गुणीनाडा और पुखराज पुत्र हुकमाराम जटिया निवासी होली चौक कस्बा भीनमाल को गिरफ्तार किया।

# मौज मस्ती के लिए बाइक चोरी, 2 गिरफ्तारः 48 घंटों में बाइक चोरी का खुलासा, चोरों ने कबूली दर्जन चोरियां



मरूधर आईना

**गुड़ामालानी/भावेश भील पूंजाबेरी/** पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दो दिन पहले मेगा हाईवे से बाइक चुराई थी। चोर मौज-मस्ती के लिए चोरी करते है। चोरों ने पूछताछ में सिवाना व जालोर में चोरी करना कबूल किया है। पुलिस को अंदेशा है कि और भी चोरी का खुलासा हो सकता है।

दरअसल, लोहरवा निवासी जगदीश कुमार पुत्र देदाराम ने 18 जुलाई को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। कि 17 जुलाई को मेगा हाईवे गुरु कृपा होटल के पास चाय की दुकान के आगे बाइक खड़ी थी। दिनदहाड़े बाइक को चोर चुरा कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की।

गुड़ामालानी सीआई रमेश ढाका के मुताबिक थाना स्तर पर हेड कांस्टेबल सुलतानसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने साइबर टीम की मदद से संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखी। इस दौरान पुलिस को चुनाराम व हंजारीराम की गतिविधि संदिग्ध लगी। पुलिस ने दोनों को पकड़ थाने ले गई पूछताछ करने पर बाइक चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने चुनाराम (20) पुत्र उम्मेदाराम निवासी चवा व हंजारीराम (22) पुत्र जोगाराम निवासी अर्जुन की ढाणी छोटू को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनों चोर लंबे समय से चोरी की वारदात कर रहे है। सिवाना में दो जालोर में काफी चोरी करना कबूल किया है। दोनों थानों को सूचना दे दी है। वहीं चोरों से पूछताछ की जा रही है और भी चोरी की वारदात खुलने का अंदेशा है।

# बीजेपी जिलाध्यक्ष बोले, जैसलमेर की बंद ट्रेन हो शुरूःरेलवे एडीआरएम से मिलकर नई ट्रेन की मांग की



मरूधर आईना

**जैसलमेर ब्यूरो राकेश दहिया/ जैसलमेर-** जैसलमेर बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा ने बीजेपी पदाधिकारियों के साथ रेलवे एडीआरएम से मुलाकात कर जिले में रेलों के संचालन को बेहतर करने, बंद ट्रेनों को दुबारा चालू करने और नई ट्रेनों की सुविधा की मांग की। मंडल रेल प्रबंधक मनोज गुप्ता ने उनको भरोसा दिलाया कि इनकी मांगों को रेल मंत्री के समक्ष रखा जाएगा और बहुत जल्द मांगों पर विचार करके पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा ने बताया कि जैसलमेर विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपना पहला स्थान रखता है लेकिन रेल के आवागमन की दृष्टि से सबसे पिछड़ा जिला कहा जा सकता है। अगर रेलवे की आय (माल वाहक) के मामले में देखे तो जोधपुर रेल मण्डल में सबसे अव्वल जैसलमेर जिला है फिर भी रेल यात्रा की सुविधा में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी से पहले कई नियमित ट्रेन चल रही थी जिस बन्द कर दिया गया है और कई ट्रेनों का समय देर रात में रखा गया है। इन सबसे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जैसलमेर की जनता की भावनाओं को देखते हुए उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। बीजेपी जिलाध्यक्ष के साथ सुशील कुमार व्यास, कमल ओझा, जुगल बोहरा, महेंद्र सिंह तंवर आदि बीजेपी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बारिश में सोनार दुर्ग में मकान की छत गिरीः खाली मकान होने से नुकसान नहीं, पड़ोसी डरे

मरूधर आईना

**जैसलमेर ब्यूरो राकेश दहिया / जैसलमेर-** जैसलमेर में मानसून की बारिश में सोनार दुर्ग में एक पुराने मकान की छत गिर गई। मकान काफी सालों से खाली होने के कारण जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। जर्जर मकानों की समय पर मरम्मत नहीं करवाई गई तो, हादसा होने की संभावना है। शहर में सैंकड़ों ऐसे मकान है, जो बरसों से वीरान पड़े हैं। सदियों से खाली पड़े मकान जर्जर हो चुके है। पड़ोसी शिकायत करते है। इसके बाद भी नगरपरिषद केवल मकान के बाहर नोटिस लगाकर इति श्री कर लेता है।

जैसलमेर के सोनार दुर्ग के व्यास पाड़ा में पुराने जर्जर मकान की पुरानी क्षतिग्रस्त हो चुकी छत गिरने से पड़ोसियों को एक बार फिर से चिंता सताने लगी है। हालांकि छत गिरने की घटना से कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ मगर लोगों के सामने कभी किसी बड़े हादसे की आशंका घिर आई है। शहर की पतली गलियों में ऐसे कई मकान है जिनके मकान मालिक जैसलमेर से दूसरे राज्यों में



पलायन कर गए हैं और वे वापस लौट कर ही नहीं आए। ऐसे में इन मकानों के पास में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। बारिश के मौसम में उनकी चिंता बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में वे नगरपरिषद को शिकायत करते हैं मगर नगरपरिषद केवल नोटिस देकर अपनी ड्यूटी पूरी कर लेती है।

## महामारी लम्पी स्किन डिजीज परविशेष - मरुधर आईना

# एल.एस.डी. या गांठ्दार/ ढेलेदावर त्वचा रोग / लंपी स्किन डिजीज



मरूधर आईना

**गुड़ामालानी/भावेश भील पूंजाबेरी/** कृषि विज्ञानं केंद्र गुडामालानी के एस.आर.एफ. डा. रावताराम भाखर ने बताया कि खासकर गायों और भैंसों की एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जो अन्य पशुओं या मनुष्यों को प्रभावित नहीं करती है। यह रोग भेड़ चेचक और बकरी चेचक जैसे वायरस के कारण होता है और ज्यादातर परजीवी जैसे मच्छर, मक्खियों एवं कीड़ों के काटने से फैलता है। हाल ही में राजस्थान के बहुत से जिलों के गौवशों में गाँठदार त्वचा रोग या लंपी स्किन डिजीज के संक्रमण के मामले देखने को मिले हैं। 7 जिस प्रकार से बीते कुछ दिनों में इस रोग के बारे में पशुपालकों में एक बहुत ही खतरनाक बीमारी के रूप में प्रचार प्रसार हुआ है वह कहीं ना कहीं सही भी है, हालांकि इस रोग के कारण पशुओं में मृत्यु दर काफी कम या 10 प्रतिशत से भी कम है लेकिन दुधारू पशुओं में रूप से पशुपालकों को काफी नुकसान उपरोक्त दवाओं के उपचार से पशु उठाना पड़ सकता है। अस्वस्थता, आंख और नाक से पानी आना, बहुत तेज़ बुखार तथा दूध के उत्पादन में अचानक कमी आदि शामिल है। पशुधन विशेषज्ञों के मुताबिक लम्पी स्किन डिजीज देश में सबसे पहले पं. बंगाल में तीन साल पहले रिपोर्ट हुई थी। इसके बाद बिहार, ज़ ओडिसा में रिपोर्ट हुई। लेकिन, सरकार की उदासीनता के चलते यह बीमारी अब प्रदेश के साथ-साथ देश के अधिकांश रायों में महामारी का रूप लेती जा रही है। डॉ. रावता राम भाखर ने बताया कि राजस्थान ही नहीं, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ, ओडिसा, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, प. बंगाल आसाम, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित दूसरे रायों में भी लम्पी स्किन डिजीज के मामले तेजी से बढ़ रहे है। संक्रमित पशु के शरीर पर बैठने वाली मक्खियां और मछर जब स्वस्थ पशु के शरीर पर पहुंचते हैं तो संक्रमण उनके अंदर भी पहुंचा देते है। दूषित दाने पानी के सीधे सम्पर्क और संक्रमित पशुओं को इंजेक्शन लगाकर उसको स्वस्थ पशुओं में लगाने से भी फैल जाता है। बीमार पशुओं को एक से दूसरे जगह ले जाने अथवा उसके संपर्क में आने वाले अन्य पशु भी संक्रमित हो जाते हैं।



एस.आर.एफ. डा. रावताराम भाखर (कृषि विज्ञानं केंद्र गुडामालानी )

## रोग से बचाव

गाँठदार त्वचा रोग का नियंत्रण और रोकथाम के लिए पशुपालकों को कई बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है जो निम्नलिखित हैं -पशुशाला या पशु डेयरी में लोगों और अन्य पशुओं की आवाजाही पर नियंत्रण (क्वारंटीन)

-रोगग्रस्त पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने की व्यवस्था

-पशुशाला या पशु डेयरी में परजीवी नियंत्रण लिए उपयोगी टीकाकरण से इस रोग में कुछ हद तक फायदा मिल सकता है

-पशुशाला के आसपास पानी इकट्ठा - इस रोग के अन्य लक्षणों में सामान्य ना होने दें।

## रोग का इलाज

विषाणु जनित रोग होने के कारण इस रोग का कोई इलाज नहीं होने के कारण नही है कोई टीका भी नही हें रोकथाम व नियंत्रण का सबसे प्रभावी साधन है। - पशुओं में हुए इस रोग के कारण सम्भावित द्वितीयक संक्रमणों की रोकथाम के लिए उपचार के तौर पर दर्द एवं सूजन निवारक दवाओं के प्रयोग के साथ साथ एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। -घावों की रोगाणु रोधक दवाओं के यह रोग एक बार होने के बाद आर्थिक उपयोग से हर रोज सफाई।

## 4-5 सप्ताह तक रहता हे प्रभाव

कृषि विज्ञानं केंद्र के पशु चिकत्सक डा. रावताराम भाखर ने बताया कि भारत में इस बीमारी का प्रवेश अफ्रीकी देशों से हुआ है। यहां 8-9 दशक से इस बीमारी का प्रकोप होता रहा है। लेकिन, प्रदेश और देश के लिए यह बीमारी नई है। उन्होंने बताया कि रोग की चपेट में गौवंश ज्यादा आता है। रोग के चलते मवेशियों में त्वचा पर 5-7 सेमी. आकार की गांठे बन जाती है। मक्खी, मच्छर, चिचड़ आदि रोग के से मण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी पर अब तक कोई अध्ययन नहीं हुआ है। लेकिन, देश-प्रदेश में बढ़ती संमण दर को देखते हुए इस दिशा में शोध की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस रोग से मृत्यु दर 1 से 5 फीसदी तक रिकॉर्ड हुई है। यह वायरल डिजीज है।

## कब फैलता है एलएसडी रोग

एलएसडी रोग का प्रकोप गर्म और आद नमी वाले मौसम में अधिक होता है। आगामी मानसून के मौसम को देखते हुए इस रोग के बारे में जागरूकता फैलानी जरूरी है। इस रोग में पशुओं को बुखार और उनकी लिम्फ ग्रंथियों में सूजन आ जाती हैं। शरीर में जकडन आ जाती है। पशु की त्वचा पर ढेलेदार गांठ बन जाती है। साथ ही, सं मित पशु के नाक और आंख से स्त्राव निकलने लगता है, निमोनिया जैसे लक्षण दिखाई देते है। कभी कभी पशुओं के श्वसन मार्ग और आहारनाल में भी घाव हो जाता हैं।

## रोग के लक्षण

रोग में पशुओं के पूरे शरीर में विशेष रूप से पशु के मुँह, गर्दन, थनों और जननांगों के आसपास की त्वचा पर 50 मिमी व्यास तक के सख्त 7 उभरे हुए नोड्यूल विकसित होते हैं। शरीर के किसी भी हिस्से पर नोड्यूल या गांठें विकसित हो सकती हैं। गांठों के फूटने से बड़े छेद हो जाते हैं जिनसे तरल निकलता रहता है 7 जिससे संक्रमण और ज्यादा फैलता है। ष्ट्रजननांगों में भारी सूजन हो सकती है। आंखों में पानी आना। नाक और भेड़ चेचक और बकरी चेचक के लार के स्त्राव में वृद्धि।

## रोग फैलाव का तरीका

यह मच्छरों, मक्खियों और जूं के साथ पशुओं की लार तथा दूषित जल एवं भोजन के माध्यम से फैलता है। पश्चिमी जिलों में सिंचाई की समस्या के चलते किसान पशु को चरने के लिए खुला छोड़ देते है। घर पर दिए जाने वाले आहार में भी सूखे चारे की मात्रा ज्यादा होती है। हरा चारा नहीं मिलने के कारण पशु का इम्युनिटी सिस्टम गड़बड़ाने लगता है। इससे पशु की रोगप्रतिरोधकता में कमी आती है।

## पशु स्वास्थ्य पर असर

डॉ. रावता राम भाखर ने बताया कि गांठ के पककर फूटने के बाद शरीर में घाव बन जाता है। जिसमें अगर मक्खियां बैठती हो तो कीड़े पड़ जाते हैं। घाव नेक्रोटीक भी हो जाते हैं। पशु कमजोर हो जाते हैं। इससे पशु के दूध उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ता है और गर्भपात भी हो जाता हैं। किसी पशु में लक्षण तीव्र होने पर और निमोनिया के कारण पांवों और गलकम्बल में सूजन आ जाती है और श्वास लेने में कठिनाई होने लगती है।

## सर्तकता जरूरी

प्रदेश में लम्पी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पशुपालकों को सर्तक रहने की जरूरत है। यदि पशुपालक उक्त लक्षण पशु में पाते है तो संक्रमित पशु को एक जगह बांधकर रखें। उन्हें स्वस्थ पशुओं के संपर्क में न आने दें। बीमार पशुओं का वेटरनरी डॉक्टर से उपचार करवाएं। त्वचा पर घाव हो रहा है तो नीम के पत्ती गुनगुने पानी मे डाल कर उसके घोल से धुलाई कर नीम का तेल भी लगाते रहें। पशु बाड़े में सुबह शाम नीम अथवा गूगल का धुंआ करे। जूं-चींचड़ से बचाने के लिए सप्ताह में एक बार जूं-चींचडनाशी जहर से सावधानी पूर्वक नहलाये और ध्यान रखे कि पशु जहर को चाट नही जाए

# जिला कलक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर मशाल यात्रा रथ को किया रवाना



मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड )** जिला मुख्यालय के शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में मंगलवार को प्रातः 9 बजे जिला कलक्टर निशांत जैन ने मशाल यात्रा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 29 मई 2022 को राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेलों की मशाल यात्रा की शुभारम्भ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम से किया गया था। मशाल यात्रा द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेलों के लिए आमजन को जागरूक करने के साथ ही प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन 29 अगस्त से 2 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर किया जायेगा जिसके लिए मशाल यात्रा 19 व 20 जुलाई को जिले के सभी ब्लॉकों में भ्रमण कर आमजन को जागरूक करेंगी।

# झमाझम बारिश से नाले उफान परःभरुडी-मुड़तरा के बीच नाले में चला पानी, भीनमाल-रामसीन का रास्ता हुआ बंद



मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ भीनमाल-** मंगलवार को दोपहर बाद जसवंतपुरा, सुंधा माता पहाड़ी क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। इसके बाद कई बरसाती नाले उफान पर चले। क्षेत्र के भरूडी-मुड़तरा के बीच बेरा अरठ नाला उफान पर होने से भीनमाल-रामसीन मार्ग भी करीबन 2 घंटे तक बाधित रहा। इस नाले में शाम 5 बजे तक पानी की आवक जारी रही। भरुड़ी ग्राम विकास अधिकारी झाला राम विश्नोई ने बताया कि जसवंतपुरा, सुंधा माता पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार को तेज बारिश हुई। इसके बाद वहां से आने वाला नाला उफान पर रहा। दोपहर बाद एकाएक इस नाले में ज्यादा पानी की आवक होने से भीनमाल रामसीन मार्ग 2 घंटे तक बंद रहा।

मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रही। हालांकि इस दौरान बड़े वाहन पानी के अंदर से गुजर रहे थे, लेकिन छोटे वाहन चालक पानी के थमने का इंतजार करते रहे। शाम तक भी नाले में पानी की आवाक जारी रही।

# रीट 2022 परीक्षा का आयोजन 23 व 24 जुलाई को प्रतिदिन दो पारि

मरूधर आईना

**ओम प्रकाश प्रजापत/ पाली-**सिटी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा रीट 2022 परीक्षा का आयोजन 23 व 24 जुलाई को प्रतिदिन दो पारियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 तक एवं दोपहर 3 बजे से सांय 05:30 बजे तक जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर नमित मेहता ने आदेश जारी कर परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करने के लिए सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। नोडल अधिकारी जिले में परीक्षा संबंध पुलिस व्यवस्था को कॉर्डिनेट करते हुए नोडल अधिकारी परीक्षा एवं जिला पुलिस अधीक्षक से निरंतर संपर्क बनाये रखेंगे।

# मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु जिले में की जा रही है विभिन्न गतिविधियां



मरूधर आईना

**जालोर ( श्रवण कुमार औड़ )** मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा हर स्तर पर व्यापक प्रबंध किये जा रहे है। जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु जिले भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आमजन को मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बिमारियों के बारे मे जागरूक कर एंटी लार्वा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.गजेंद्र सिंह ने बताया कि गावों में, गढ्ढो में पानी के भराव के कारण मलेरिया, डेंगू रोग के लार्वा पनपते है। जिसे नष्ट करने हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्साकर्मीयों द्वारा साफ पानी में टेमीफॉस, गंदेपानी में एमएलओ का घोल, गम्बूशिया मछली डालकर, फोंगिग एवं पायरेथम का स्प्रे आदि गतिविधियां कर मौसमी बिमारियों की रोकथाम की जा रही है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर विश्नोई ने बताया कि डेंगू मलेरिया से धबराये नहीं इसका ईलाज संभव है एवं इसके रोकथाम हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें, खिडकी एवं दरवाजों पर जाली लगवाएं, मच्छर निरोधक उत्पादों का उपयोग करें, हाथ-पैरो को ढक कर रखें पुरी आस्तिन कर कपडा पहने, घर के आसपास, गमलो आदि में पानी का भराव न होने दे, हर सप्ताह कूलर, टंकी के पानी को खाली करें तथा बुखार आने पर तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें। मलेरिया डेंगू व चिकनगुनिया की रोकथाम व नियंत्रण के साथ साथ मच्छरो के प्रजनन स्थलो को समाप्त करने हेतु जन समुदाय की भागीदारी बहुत आवश्यक है। एडीज लार्वा साफ पानी में पनपता है, अगर प्रत्येक घर के पानी भराव पात्र जैसे गमले, कुलर, पानी की टंकी इत्यादि को साप्ताहिक रूप से साफ किया जाये तो मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया की रोकथाम की जा सकती है।

# नोसरा पुलिस ने पोक्सो एक्ट में आरोपी को किया गिरफ्तार

**जालोर ( श्रवण कुमार औड )** नोसरा पुलिस ने पोक्सो एक्ट में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी शिवराजसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 14 जुलाई 2022 को दर्ज प्रकरण में पोक्सो एक्ट में अपहर्ता नाबालिग लडकी को 15 जुलाई 2022 को दस्तयाब कर लिया गया था। जिसके बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर परिजनों को सुपुर्द किया गया था।

## रानीवाड़ा आज 16 एमएम हुई बारिशः

# सुंधा पर्वत पर अच्छी बरसात से झरनों में आया पानी, किसानों के चेहरे खिले



मरूधर आईना

**जगमाल सिंह राजपुरोहित मोदरान/ रानीवाड़ा-** रानीवाड़ा में मंगलवार दोपहर बाद झमाझम बारिश आई। आधे घंटे आई बारिश से कस्बा पानी से तरबतर हो गया। वहीं पहली बार सुंधा पर्वत पर नदी में पानी आया और सुंधा माताजी वाले झरने बहने शुरू हो गए। यह श्रद्धालुओं सहित आमजन के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के अनुसार आज दोपहर को 16 एमएम कुल 196 एमएम रिकार्ड की गई है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी है। कई स्थानों पर हुई अच्छी बारिश के बाद किसान अपने खेतों में बुवाई, निराई व जुताई में जुटे हुए हैं। वहीं बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में बरसात को पानी जमा हो गया। सरकारी अस्पताल के आगे सांचौर रोड सहित कई जगह जलभराव से लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी गजेंद्र प्रसाद के लिए माणक ऑफसेट प्रिंटर्स, बोहरा भवन, एम जी एच रोड, जोधपुर, राजस्थान, से मुद्रित एवं सरकारी स्कूल के सामने, माधोपुरा, आहोर, जालोर 307029 (राजस्थान) । संपादक गजेंद्र प्रसाद, उपसंपादक रघुवीर सिंह देवड़ा, माधोपुरा रोड आहोर, जालोर राजस्थान 307029, फोन नंबर 8890680200, 82098 54647, ईमेल - marudharaaina@gmail.com, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जालोर रहेगा, (पीआरबी